उज्जैन
शुक्रवार
31
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-268
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 कलश स्थापना के लिए 53 करोड़ रुपए तक पहुंची बोली
7 रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास, 2023 से टेस्ट टीम में नहीं

### कनाडा में 500 पंजाबी स्टूडेंट्स पर डिपोर्टेशन का खतरा, आंधी-बारिश में सड़कों पर डटे

**जालंधर।** कनाडा में पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट के आवेदन खारिज होने के बाद करीब 500 पंजाबी छात्रों पर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। इसके विरोध में करीब 1,000 भारतीय छात्र पिछले तीन हफ्तों से प्रदर्शन कर रहे हैं। बारिश, तेज धूप और खराब मौसम के बावजूद छात्र अल्बर्टा के कैलगरी में सड़कों पर डटे हुए हैं। कनाडाई इमिग्रेशन अधिकारियों से जवाब मांगने के लिए कुछ छात्रों ने 29 जुलाई से भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। छात्रों का कहना है कि जिन नियमों और भरोसे के आधार पर उन्होंने कॉलेज में दाखिला लिया, लाखों रुपए खर्च कर पढ़ाई पूरी की, अब उसी पढ़ाई को नॉन-क्रेडिटेबल बताकर वर्क परमिट से इनकार किया जा रहा है। इससे कई लड़कियां डिप्रेशन में हैं, सिर पर परिवार का कर्ज है। उन्होंने कनाडा में पढ़ाई की है, इसलिए उन्हें वहां काम करने का मौका मिलना चाहिए।

### सोने की मांग में 6% की गिरावट, अप्रैल-जून तिमाही में 131.4 टन खपत रही

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल यानी डब्ल्यूजीसी के अनुसार अप्रैल-जून तिमाही में भारत में सोने की मांग सालाना आधार पर 6% घटकर 131.4 टन रह गई है। पिछले साल की इसी अवधि में यह मांग 139.7 टन थी। मांग में इस गिरावट के पीछे कस्टम ड्यूटी में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोने की खरीदारी कम करने की अपील को मुख्य कारण माना गया है। केंद्र सरकार ने इसी साल मई में सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी थी। इससे इनकी कीमत बढ़ गई थी। डब्ल्यूजीसी इंडिया के रीजनल सीईओ सचिन जैन ने बताया कि भले ही मात्रा में मांग घटी हो, लेकिन वैल्यू के लिहाज से यह एक रिकॉर्ड है।

### रेड सी की सुरक्षा के लिए गठबंधन बना रहा सऊदी 50 देशों को न्योता भेजा

**रियाद।** सऊदी अरब ने ऐलान किया है कि वह रेड सी (लाल सागर) में जहाजों की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाएगा। इसका मकसद यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों से जहाजों की रक्षा करना है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस गठबंधन में शामिल होने के लिए 50 देशों को न्योता भेजा गया है। हालांकि, कौन से देश इसमें शामिल होंगे यह अभी तय नहीं हुआ है। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द की जा सकती है। हूती विद्रोहियों ने 20 जुलाई को सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया था। उसने कहा कि सऊदी पोर्ट का इस्तेमाल करने वाले जहाजों पर हमला किया जा सकता है। मिडिल ईस्ट की न्यूज वेबसाइट अल-मॉनिटर के मुताबिक अमेरिका, पाकिस्तान, मिस्र, तुर्किये, जिबूती, सोमालिया और सूडान को न्योता भेजा गया है।

### ईरान पर हमले रोकने वाला प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में फेल

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई सीमित करने वाला प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। इसके लिए गुरुवार को वोटिंग हुई, जिसमें यह 49-50 के अंतर से खारिज हो गया। पेन्सिलवेनिया से रिपब्लिकन सीनेटर डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अभी यह विधेयक सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी समिति में अटका हुआ है। प्रस्ताव लाने वाले सांसद चाहते थे कि इसे पूरे सीनेट में चर्चा और वोटिंग के लिए पेश किया जाए। अब इसे पूरे सीनेट में लाने के लिए सांसदों को दोबारा कोशिश करनी होगी। अगर यह प्रस्ताव आगे बढ़ जाता, तो ईरान के खिलाफ हमले शुरू करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति अकेले ऐसा फैसला नहीं ले सकते थे।

### फर्जी पासपोर्ट मामले में छोटा राजन को 7 साल की सजा

**चेन्नई।** अंडरवर्ल्ड जगत के कुख्यात अपराधी छोटा राजन उर्फ राजेंद्र सदाशिव निकलजे को फर्जी पासपोर्ट मामले में बड़ा कानूनी झटका लगा है। चेन्नई स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने वर्ष 2002 से जुड़े इस मामले में उसे दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इसके साथ ही उस पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला दो दशक से अधिक समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद आया है। छोटा राजन फिलहाल दिल्ली की उच्च सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में बंद है, जहां वह एक अन्य आपराधिक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। अब फर्जी पासपोर्ट मामले में सुनाई गई यह नई सजा उसकी कानूनी मुश्किलों को और बढ़ा देगी।

### भारत सीमा के पास चीन की सैन्य गतिविधि तेज

**नई दिल्ली।** सैटेलाइट से ली गई नई तस्वीरों में दावा किया गया है कि चीन ने भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास अपने दो अहम एयरबेस पर सबसे आधुनिक जे-20 स्टील्थ फाइटर जेट तैनात किए हैं। तस्वीरों के मुताबिक, शिनजियांग के होतान एयरबेस पर 8 और तिब्बत के डामशुंग एयरबेस पर 4, यानी कुल 12 जे-20 विमान मौजूद हैं। हाल के वर्षों में लैक के पास ख-20 लड़ाकू विमानों की यह सबसे बड़ी तैनातियों में से एक मानी जा रही है। व्यावसायिक सैटेलाइट कंपनी वेंटर की 9 जुलाई को ली गई तस्वीरों में होतान एयरबेस पर 8 जे-20 'माइटी ड्रैगन' स्टील्थ फाइटर जेट खुले एप्रन पर खड़े दिखाई दिए।


## पाकिस्तान के बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा कोयला खदान में हुआ विस्फोट

# भीषण धमाके में 32 मजदूरों की मौत, 10 अब भी फंसे

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में 32 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 10 मजदूर अब भी अंदर फंसे हैं। मीथेन गैस के कारण हुए धमाके के बाद राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 32 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य मजदूर अब भी जमीन के नीचे फंसे हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक उनकी स्थिति बेहद गंभीर मानी जा रही है और राहत-बचाव अभियान लगातार जारी है।



### सरकार ने क्या कहा?

बलूचिस्तान के खान एवं खनिज मंत्री शोएब नोशेरवानी ने कहा कि राहत दल बेहद कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं और प्रांतीय सरकार बचाव कार्य में हरसंभव मदद कर रही है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घोषणा की कि प्रत्येक मृतक मजदूर के परिवार को पांच लाख पाकिस्तानी रुपये मुआवजे के तौर पर दिए जाएंगे। नोशेरवानी ने कहा कि विस्फोट के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए खदानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की जाएगी।

### विस्फोट मीथेन गैस के अत्यधिक जमा होने के कारण हुआ

सरकारी खदान निरीक्षक गनी बलोच के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विस्फोट मीथेन गैस के अत्यधिक जमा होने के कारण हुआ। हादसे के कुछ घंटों बाद पहले सात मजदूरों के शव निकाले गए, जबकि बाद में चार और शव बरामद किए गए। गनी बलोच ने बताया कि राहत अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी फंसे मजदूरों का पता नहीं चल जाता। हालांकि उन्होंने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि मीथेन गैस विस्फोट के बाद ऑक्सीजन का स्तर लगभग शून्य हो जाता है, जिससे किसी के जीवित मिलने की संभावना लगातार कम होती जाती है। इसी वजह से बचाव दल भी बेहद सावधानी के साथ अंदर आगे बढ़ रहे हैं।

### क्या लापरवाही हादसे की वजह बनी?

कोयला खदान मजदूर यूनियन ने आशंका जताई है कि यह हादसा लापरवाही का परिणाम हो सकता है। पाकिस्तान सेंट्रल माइंस लेबर फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि खदान सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### क्या पाकिस्तान में ऐसे हादसे आम हैं?

पाकिस्तान के कोयला खनन उद्योग, खासकर बलूचिस्तान में, ऐसे हादसे अक्सर सामने आते रहते हैं। कई खदानों में पर्याप्त वेंटिलेशन, गैस मॉनिटरिंग सिस्टम और अन्य बुनियादी सुरक्षा उपायों का अभाव बताया जाता है। मजदूर संगठनों का लंबे समय से आरोप रहा है कि खदान मालिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते और श्रमिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराते। इसके बावजूद, कम मजदूरी और जोखिम भरे माहौल में भी हजारों लोग अपनी आजीविका के लिए इसी उद्योग पर निर्भर हैं।

## सावन का तीसरा सोमवार बनेगा विशेष


# 17 अगस्त को नागपंचमी का दुर्लभ संयोग, नागचंद्रेश्वर मंदिर के खुलेंगे पट

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भगवान शिव की नगरी उज्जैन में इस वर्ष सावन मास का तीसरा सोमवार विशेष धार्मिक महत्व लेकर आएगा। आगामी 17 अगस्त 2026 को सावन के तीसरे सोमवार के साथ नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। सोमवार और नागपंचमी के एक साथ पड़ने के इस विशेष संयोग को लेकर शिव भक्तों और श्रद्धालुओं में उत्साह है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, लगभग 23 वर्ष बाद यह संयोग बन रहा है। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर सहित शहर के प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

पवित्र सावन मास की शुरूआत 30 जुलाई 2026 से हो चुकी है और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को होगा। इस वर्ष सावन में कुल चार सोमवार पड़ रहे हैं, लेकिन 17 अगस्त को आने वाला तीसरा सोमवार विशेष महत्व का माना जा रहा है, क्योंकि इसी दिन नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। सोमवार भगवान शिव को समर्पित है, जबकि नागपंचमी के दिन नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान शिव के गले में नाग देवता के विराजमान होने के कारण इस संयोग को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ और महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### नागपंचमी पर खुलेंगे नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट



- उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर का विशेष महत्व है। यह मंदिर वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के अवसर पर ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाता है। वर्षभर बंद रहने वाले इस प्राचीन मंदिर के पट नागपंचमी पर खुलते हैं और देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं।
- मंदिर में भगवान शिव का अद्भुत स्वरूप स्थापित है, जिसमें वे नागों की शय्या पर विराजमान हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना करने से नाग दोष एवं सर्प भय से मुक्ति मिलती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। नागपंचमी के अवसर पर मंदिर के पट खुलने के बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने की संभावना है। महाकाल मंदिर प्रशासन द्वारा दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

### महाकाल की नगरी में बढ़ेगा श्रद्धालुओं का उत्साह

सावन मास में वैसे भी उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। तीसरे सोमवार और नागपंचमी के एक साथ आने से इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। महाकाल मंदिर के साथ ही शहर के अन्य शिवालयों में भी विशेष पूजा, अभिषेक और धार्मिक आयोजन होंगे। श्रद्धालुओं के लिए 17 अगस्त का दिन भगवान महाकाल के दर्शन, शिव आराधना और भगवान नागचंद्रेश्वर के दुर्लभ दर्शन का विशेष अवसर रहेगा। सावन सोमवार और नागपंचमी के इस धार्मिक संयोग से पूरी धर्मनगरी में शिवभक्ति और आस्था का वातावरण और अधिक गहरा होने की उम्मीद है।

## पीएम मोदी बोले-

# शिक्षा को लेकर लगातार कदम उठा रहे

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

लोकसभा और राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़ा संशोधन बिल पास होने के बाद गुरुवार रात 10:40 बजे पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा- कई दशकों से हर राज्य और केंद्र सरकार इस प्रकार की पेपर लीक की परेशानी झेल रही है। बच्चों के भविष्य पर भी इसके कारण संकट पैदा हो रहा है। इन सबको ध्यान में रखते हुए देशव्यापी, सभी राज्यों में भी और केंद्र में भी शिक्षा पद्धति में सुधार अनिवार्य हो गया है, टेक्नोलॉजी के भरपूर उपयोग की आवश्यकता हो गई है। पीएम ने 2 मिनट 26 सेकेंड के वीडियो में पेपर लीक और छात्रों से जुड़ी बातें कीं। महज 17 मिनट में उनके वीडियो पर 8 लाख से ज्यादा लाइक आ गए। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी पेपर माफिया, पेपर लीक करने वाली गैंग, देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली गैंग को बख्शा नहीं जाएगा। हम संसद में बिल लेकर गए थे और जैसा मैंने आपसे वादा किया था बीते दो दिन संसद के दोनों सदनों में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। आज कठोर कानूनों वाले प्रावधान बिल को पास किया गया।

## पन्ना में पिछले एक महीने में

# जिला अस्पताल में 22 मासूमों की मौत से हड़कंप

**ब्रह्मास्त्र ›› पन्ना**

पन्ना जिला अस्पताल की एसएनसीयू में पिछले एक महीने में 22 नवजात और छोटे बच्चों की मौत से स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल उठे हैं। सीएमएचओ ने वार्ड का निरीक्षण कर जांच शुरू कराई। विभाग का कहना है कि अधिकांश बच्चे गंभीर हालत में रेफर होकर आए थे। मौतों के कारणों की विस्तृत समीक्षा जारी है।

पन्ना जिला अस्पताल एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। यहां नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई यानी एसएनसीयू में पिछले एक महीने के दौरान जन्म से लेकर एक वर्ष तक की उम्र के 22 मासूम बच्चों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। लगातार हो रही इन मौतों के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं, इलाज की गुणवत्ता और जिम्मेदारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वयं जिला अस्पताल पहुंचे और एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया।

पन्ना जिला चिकित्सालय की एसएनसीयू यूनिट, जहां गंभीर रूप से बीमार नवजात और छोटे बच्चों का इलाज किया जाता है, इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक माह में यहां 22 बच्चों की मौत हुई है। यह संख्या सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। लगातार हो रही मौतों ने परिजनों की चिंता भी बढ़ा दी है।

**सीएमएचओ खुद पहुंचे -** स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश प्रसाद तिवारी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया और डॉक्टरों व स्टाफ से उपचार व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों, दवाइयों, उपकरणों तथा स्टाफ की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही सभी मामलों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

**स्वास्थ्य विभाग की अलग दलील-** सीएमएचओ राजेश प्रसाद तिवारी का कहना है कि एसएनसीयू में भर्ती होने वाले अधिकांश बच्चे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के साथ रेफर होकर आते हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है और प्रत्येक मौत के कारणों की विस्तृत समीक्षा के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मप्र-यूपी समेत 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश में मानसून के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हैं। इसके चलते अगले 2 दिन प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा राजस्थान, बिहार समेत 7 राज्यों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, यूपी में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। आज प्रदेश के 24 जिलों में बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड में खराब मौसम को देखते हुए बागेश्वर और रुद्रप्रयाग में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं, गुजरात में भी आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। पहाड़ी-मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। उत्तराखंड में पिछले चार दिनों से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है।

## महाराष्ट्र के भिवंडी में चार मंजिला इमारत ढही, 5 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› भिवंडी**

महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 3 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव कार्य जारी है।



नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे, जिसमें हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने इस इमारत को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था। जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था। घटनास्थल पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, ठाणे आपदा मोचन बल और स्थानीय दमकल विभाग की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

## एनएफआर ने 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का किया विस्तार

**ब्रह्मास्त्र ›› मालीगांव**

असम के कुछ हिस्सों मेंमौजूदा बाढ़ की स्थिति से प्रभावित यात्रियों को सुविधा प्रदान करने और उनकी निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने तिनसुकिया, लामडिंग और रंगिया मंडलों में छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों (12 ट्रेन सेवाओं) के परिचालन को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इनमें ट्रेन संख्या 05831/05832 (मरियानी- रंगिया- मरियानी), ट्रेन संख्या05911/05912 (तिनसुकिया-भोजो-न्यू तिनसुकिया), ट्रेन संख्या05913/05914 (न्यू तिनसुकिया-मराणहाट-तिनसुकिया), ट्रेन संख्या05932/05931 (डिब्रूगढ़-कोलकाता-डिब्रूगढ़), ट्रेन संख्या07641/07642 (लामडिंग - मरियानी-लामडिंग) और ट्रेन संख्या07643/07644 (लामडिंग - मरियानी-लामडिंग) शामिल हैं। ये सभी स्पेशल ट्रेनें अपने वर्तमान समय-सारणी,संयोजन तथा निर्धारित ठहरावों के अनुसार परिचालित होंगी, ताकि बाढ़ की स्थिति के दौरान भी यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके।

# सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला से सटी जमीन नमाज के लिए दी

### धार्मिक अधिकार नहीं छीन सकते, सरकार ने 2किमी दूर जगह दी थी

**ब्रह्मास्त्र ›› धार**

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला से सटी हुई जमीन नमाज के लिए मुस्लिम समाज को दी है। यहां हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा की जा सकेगी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता है और यह विवादित भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास है। इसलिए यह नमाज के लिए उपयुक्त स्थान है।

कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को यहां जरूरी व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट के पिछले आदेश के बाद प्रशासन ने करीब 2 किलोमीटर दूर जगह तय की थी, जहां मुस्लिमों ने नमाज से मना कर दिया था। इसके बाद याचिका दायर की थी।

### सीजेआई बोले- 'यलो साइट' नमाज के लिए सूटेबल

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नक्शे में दिखाई गई 'यलो साइट' पर ध्यान दिलाया। कोर्ट ने कहा कि इस जगह तक अलग और स्वतंत्र रास्ता है। यह विवादित परिसर से सटी हुई है। मुस्लिम पक्ष ने भी इसी जगह पर सहमति जताई। इसके बाद कोर्ट ने इसी जगह को नमाज के लिए सूटेबल माना।
भोजशाला परिसर के पीछे लकड़ी पीठा के पास सर्वे नंबर 596 की जमीन मौजूद है। यह परिसर के पीछे दाहिनी ओर निकलने वाले वैकल्पिक निकास मार्ग के ठीक सामने है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार शुक्रवार की नमाज केवल इसी जगह पर अदा की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी।

### एक दिन में मूंग की आवक 85% घटी

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

किसानों के आंदोलन के बाद राज्य सरकार द्वारा मूंग खरीदी का दायरा 25% से बढ़ाकर 60% किए जाने का असर अब मंडियों में भी दिखाई देने लगा है। सरकार के फैसले के बाद भोपाल की करोंद मंडी में मूंग की आवक अचानक घट गई है। गुरुवार को मंडी में महज 25 क्विंटल मूंग की आवक दर्ज हुई, जबकि बुधवार को यह 167 क्विंटल थी। यानी एक ही दिन में आवक में करीब 85% की गिरावट दर्ज की गई। माना जा रहा है कि किसान अब बढ़ी हुई सरकारी खरीदी का लाभ लेने के लिए फिलहाल अपनी फसल रोक रहे हैं। आवक घटने के साथ ही बाजार में मूंग के भाव में भी तेजी देखने को मिली।



## खबर एक नजर...

### दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच, प्रतिभाओं का किया सम्मान

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मारुतिगंज व्यायाम शाला और क्रीड़ा भारती उज्जैन के तत्वावधान में परंपरागत दंगल और क्षेत्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कुश्ती के आयोजकों और पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। दंगल में महिला और पुरुष पहलवानों ने रोमांचक कुश्तियों का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व निगम सभापति सोनू गहलोत, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने इस आयोजन को भारतीय संस्कृति, खेल भावना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला बताया। अंत में आयोजन समिति के संयोजक गणेश बागड़ी (गज्जू पहलवान) ने अतिथियों, खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का आभार माना।

### राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में संदीप मेहता को उज्जैन से मिले सर्वाधिक मत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के चुनाव में प्रत्याशी संदीप प्रताप मेहता को उज्जैन जिले से सर्वाधिक मत प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय और अधिवक्ता आरसी परिहार के नेतृत्व में संदीप मेहता और उनके परिजनों ने साईं मंदिर पहुंचकर बाबा का विशेष पूजन-अर्चन किया और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों ने संदीप प्रताप मेहता का आत्मीय स्वागत किया। नरेंद्र मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम में साईं मंदिर प्रमुख सत्यनारायण शर्मा, प्रवक्ता दीपक बेलानी, अधिवक्ता सुरेश सोलंकी, हेमंत राणावत, नितिन चौहान, पीयूष मालवीय, प्रकाश धनवानी, अनिल सिंह राजपूत, हेमंत खंडेलवाल, मोहन शाह, राजेंद्र पटेल, संजय सोडानी, जनार्दन नातू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### इंदौर के कलाकारों ने दी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति, गूंजे महामृत्युंजय और गायत्री मंत्र

**उज्जैन।** प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जंतर-मंतर रोड स्थित होटल अथर्व के सामने गंगा गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज की संस्था के अनुयायियों ने इस उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के दौरान इंदौर से आए मनोज दुबे और उनकी टीम द्वारा सुंदर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र और ॐ का सामूहिक जाप किया। इसके साथ ही श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों और भगवान की संगीतमय आरती के पश्चात सभी भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के समापन पर संस्था के अध्यक्ष अजय पांडे ने सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### संस्कृत महाविद्यालय में हुआ संतों का सम्मान, विद्यार्थियों ने रोपे औषधीय पौधे

उज्जैन। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में गुरुवार को भारतीय संस्कृति व गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीक पर्व गुरु पूर्णिमा पर महोत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतों का सम्मान कर परिसर में औषधीय पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामानुजकोट पीठाधीश्वर स्वामी 1008 रंगनाथाचार्य महाराज के शिष्य संत उपेंद्राचार्य महाराज और चारधाम मंदिर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर 1008 शांतिस्वरूपानंद महाराज उपस्थित थे। संतद्वय ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि शिष्य के व्यक्तित्व का निर्माण कर उसे जीवन के उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु के प्रति श्रद्धा, अनुशासन और समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय ज्ञान-परंपरा का महापर्व है। यह पर्व हमें गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा ज्ञान, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात कर समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

### 5 अगस्त से शुरू होगी 84 महादेव यात्रा, 6 को महाकाल दर्शन के साथ होगा समापन

**उज्जैन।** शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 84 महादेव, नवनारायण एवं सप्तसागर दर्शन पूजन यात्रा 5 अगस्त को शुरू होगी। पूर्व मंडी अध्यक्ष बहादुर सिंह बोरमुंडला के नेतृत्व में निकलने वाली इस धार्मिक यात्रा का समापन 6 अगस्त को महाकाल दर्शन के साथ होगा। यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर सोडंग स्थित सारीवारी आश्रम पर 84 महादेव यात्रा समिति की बैठक आयोजित की गई।

# धर्म ध्वजा फहराकर जैन समाज ने मनाई वीर शासन जयंती

## गुरु पूर्णिमा पर सेठी नगर मंदिर में हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान, मुनिश्री ने दिया 'जियो और जीने दो' का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (लक्ष्मी नगर-सेठी नगर) में गुरु पूर्णिमा और वीर शासन जयंती महोत्सव अपार उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 प्रणीत सागर जी और क्षुल्लक 105 विधेय सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में धर्म के मार्ग पर चलने वाले श्रावकों का विशेष सम्मान किया गया। समाजजनों ने अष्ट द्रव्य का थाल सजाकर, जैन धर्म की ध्वजा फहराकर और ग्रंथ को सिर पर धारण कर भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना को याद किया।



ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह 6:15 बजे श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के साथ विशेष पूजा अनुष्ठान शुरू हुए। सुबह 7:30 बजे गुरु मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट और संगीतमय पूजन किया गया। इसके बाद गुरु ग्रंथ का विमोचन कर ईसा पूर्व से 21वीं सदी तक की 108 गुरु अर्घ्यावली समर्पित की गई। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत को आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक बताया। उन्होंने समाजजनों को अनुशासन में रहकर धर्म का पालन करने और प्रभु की राह पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उन श्रावकों को गुरुदेव के पाद प्रक्षालन और ग्रंथ विमोचन का विशेष लाभार्थी बनाया गया, जो नियमित मंदिर दर्शन, अभिषेक, पूजन, रात्रि भोजन त्याग, साधु-संतों की सेवा और धर्म-ध्यान जैसे नियमों का दृढ़ता से पालन करते हैं।

आयोजन में चातुर्मास समिति के संयोजक मनोज जैन (वकील), सहसंयोजक अशोक जैन, लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल जैन डोसी, पीसी जैन, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, अनिल बुखारिया, सुभाष जैन, देवेंद्र सिंघाई, प्रदीप पांड्या सहित सभी ट्रस्टी सदस्य, महिला मंडल, जैन सोशल ग्रुप के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज का 38वां चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव 2 अगस्त (रविवार) को गोलोक धाम, जयपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा।

## विदुषी कलापिनी कोमकली ने दी मधुर प्रस्तुति

# त्रिवेणी संग्रहालय में शास्त्रीय गायन और घुंघरुओं की झंकार से सजा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

### डॉ. छाया जैन के कथक ने मोहा मन, वरिष्ठ संगीतज्ञों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



संस्कृति संचालनालय भोपाल और शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में जयसिंहपुरा स्थित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय में गुरु पूर्णिमा पर्व गरिमामय ढंग से मनाया गया। समारोह में शास्त्रीय गायन और कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कला रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ संगीतज्ञ डॉ. इब्राहिम अली और अनिल जोशी का गुरु सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गोपाल रैकवार के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि और शिप्रा फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभिषेक तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में देश की प्रख्यात शास्त्रीय गायिका विदुषी कलापिनी कोमकली ने राग मधुवंती में झपताल में निबद्ध शिव पर आधारित विलंबित रचना प्रस्तुत की। इसी क्रम में उन्होंने तीन ताल में छोटा ख्याल, राग मल्हार में लोकभजन और गोरखनाथ जी के भजन के साथ अपने गायन का समापन किया। उनके साथ तबले पर विवेक क्षीरसागर व तल्लीन त्रिवेदी, हारमोनियम पर प्रमोद बोरगांवकर, मंजीरे पर विश्वास चांदोरीकर और तानपुरे पर हर्षदा चालीसगांवकर व ऋतिक नलवाया ने शानदार संगत की।

समारोह की दूसरी प्रस्तुति में ग्वालियर से आईं शास्त्रीय नृत्यांगना डॉ. छाया जैन ने अपनी टीम के साथ रायगढ़ घराने की परंपरा के अनुसार समूह कथक नृत्य प्रस्तुत किया। उनके साथ भव्या जैन, गर्विता दत्ता और सृष्टि विश्वास ने साथी कलाकार के रूप में बेहतरीन प्रस्तुति दी। उनके साथ गायन व हारमोनियम पर सलमान खान, तबले पर अब्दुल हनीफ खान और वायलिन पर अब्दुल हमीद शाह ने संगत की।

#### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम का संयोजन शरद सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से नितिन कुमार जैन, अजय शर्मा, गोपाल रैकवार, अतुल कुमार साकेत, डॉ. तृप्ति नगर, अब्दुल हमीद शाह, मुकेश वाघेला, अमन पटवान और राम केवल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुदर्शन अयाचित ने किया और आभार शरद सूर्यवंशी ने माना।

### प्रतिकल्पा संस्था में उल्लास के साथ मना गुरु पूर्णिमा पर्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था में गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए उत्सव मनाया गया। संस्था की मानसेवी निदेशक डॉ. पल्लवी किशन और वरिष्ठ रंगकर्मी कुमार किशन ने नृत्याचार्य स्व. गुरु गोकुल प्रसाद का विशेष पूजन-अर्चन कर उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन ने शिष्यों को संबोधित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व और इसके संस्कारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में नन्हें कलाकारों से लेकर वरिष्ठ शिष्यों ने गुरु चरणों में नमन करते हुए गीत, संगीत और काव्य पाठ के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसके अलावा देश-विदेश में निवासरत संस्था के अन्य शिष्यों ने भी दूरभाष के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए अपनी गुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन फरीदा बंदूकवाला ने किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में लकी राठौर, मधु भानकर, अर्चना सिंह कुशवाह और पलक सोनी का विशेष सहयोग रहा।

# ब्रह्मलीन पं.पण्ड्या की स्मृति में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, पांच विद्वानों को मिला सम्मान

### गजानन अनुष्ठान केंद्र के कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति व समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं का हुआ अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर के गजानन अनुष्ठान केंद्र द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष यह समारोह वेदमूर्ति ब्रह्मलीन पंडित रमेशचंद्र पण्ड्या की पावन स्मृति को समर्पित रहा। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्वानों व विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. गोविंद वल्लभ द्विवेदी ने की और पं. विजय व्यास का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत भाषण पं. डॉ. गोपाल शुक्ल ने दिया तथा आशीर्वचन दीप्तेश दुबे ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में अंजना पंड्या का विशेष सानिध्य रहा और संचालन पं. आभास शास्त्री ने किया। समारोह में ज्योतिषाचार्य पं. गोविंद द्विवेदी, वेदमूर्ति पं. उमेश शर्मा, वेदमूर्ति पं. जयनारायण, वेदमूर्ति पं. डॉ. गोपाल शुक्ल और वेदमूर्ति पं. सोहन भट्ट को वेदमूर्ति ब्रह्मलीन पंडित रमेशचन्द्र पंड्या स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष बनने पर पं. हिमांशु शुक्ल को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, ब्रह्मलीन पं. कैलाश व्यास, ब्रह्मलीन पं. भरत पंड्या, ब्रह्मलीन उमेश भट्ट और ब्रह्मलीन पं. कमल शुक्ल को पावन स्मृति सम्मान अर्पित किया गया। इस अवसर पर कानपुर से विशेष रूप से आए आयुष्मान सिंह सहित मंगलनाथ मंदिर के पुजारी पं. संजय दुबे, पं. दुर्गेश तारे, पं. योगेश पांडे, पं. राजेश शर्मा, पं. आलोक भट्ट, पं. जयेन्द्र व्यास, पं. सुधीर पंड्या, पं. अंकित जोशी, पं. गोविंद शुक्ल, पं. रवि शुक्ल और पं. जितेंद्र शुक्ल सहित गजानन अनुष्ठान परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## माधव महाविद्यालय में तीन प्राध्यापकों को मिला गुरु सांदीपनि सम्मान

# गुरु शिष्य के जीवन की दिशा बदल देता है

### भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



माधव महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. संतोष शर्मा, प्रो. लक्ष्मण सिंह गोरस्या और डॉ. शोभा मिश्र को गुरु सांदीपनि सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु जो कुछ सिखाते हैं, उससे शिष्य के जीवन की दिशा और दशा बदल जाती है। शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों से जुड़ना चाहिए। यदि एक भी विद्यार्थी शिक्षक के संदेश से अपना जीवन बदल लेता है, तो यह गुरु की सबसे बड़ी सफलता है। छात्रों को अपना कार्य स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए और शिक्षकों को उन छात्रों की मदद करनी चाहिए जो समाधान के लिए उनकी ओर देखते हैं। आपकी प्रेरणा से एक बच्चे का जीवन संवर सकता है।

सम्मानित होने पर प्रो. लक्ष्मण गोरस्या ने कहा कि गुरु वह है जो गुर सिखाए। हमें विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख करना चाहिए और उन्हें ऐसी मानसिक व शारीरिक शिक्षा देनी चाहिए जिससे उनका जीवन संवर जाए।

डॉ. शोभा मिश्रा ने गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने और अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित करने की बात कही, साथ ही अपनी कविता भी प्रस्तुत की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अल्पना उपाध्याय ने कहा कि महाविद्यालय में हमें कई अच्छे गुरुओं का सानिध्य मिला। उनके दिए ज्ञान के कारण ही आज हम छात्रों को ज्ञान देने योग्य हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. नलिनी तिलकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन डॉ. शोभा मिश्रा ने किया, जिसमें प्रो. सलोनी पवार ने सहयोग प्रदान किया।

# महाकाल की सवारी में दिखेगा 11वीं सदी का वैभव, 39वें वर्ष राजसी वेशभूषा का प्रदर्शन करेगी मुस्कुराके मंडली

## चंद्रयान, ब्रह्मोस मिसाइल और सिंहस्थ थीम की पगड़ियां होंगी आकर्षण का केंद्र

### देशभर की राजसी वेशभूषा और विशेष पगड़ियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में इस वर्ष भी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। सनातन संस्कृति और प्राचीन काल के राजा-महाराजाओं की वेशभूषा का प्रदर्शन करते हुए 'मुस्कुराके मंडली' इस वर्ष 39वें साल सवारी में शामिल होगी। मंडली के सदस्य विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक राजसी वेशभूषा और विशेष पगड़ियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर चलेंगे।

स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने बताया कि इस वर्ष सवारी में दक्षिण भारतीय शैली सहित गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, उड़ीसा, असम और केरल की पारंपरिक राजसी वेशभूषा का प्रदर्शन किया जाएगा। युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने के इस प्रयास में इस वर्ष सिंहस्थ महाकुंभ की पगड़ी, शौर्य का सिंदूर, चंद्रयान, ब्रह्मोस मिसाइल पगड़ी, तिरंगा पगड़ी, सूर्ययान, त्रिशूल पगड़ी और मयूर मुकुट विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस सांस्कृतिक अनुष्ठान में स्वामी खिलखिलाके मनोहर गुप्ता (नायक), स्वामी दिल मिलाके पंडित दिनेश रावल, स्वामी गुदगुदाके मोहित गहलोत और पप्पू तलवार राजसी वेशभूषा में नटराज बाबा महाकाल की आराधना करते हुए चलेंगे।

#### राजा भोज ने दिया था राजकीय उत्सव का स्वरूप

श्रीमहाकालेश्वर की सवारी का उल्लेख 11वीं शताब्दी की पांडुलिपियों में मिलता है। परमार वंश के महान शासक राजा भोज ने इस सवारी को राजकीय उत्सव का स्वरूप प्रदान किया था। उस दौरान लोक कलाकार, संगीतकार और करतब दिखाने वाले नट सवारी का हिस्सा होते थे। राजा भोज स्वयं अपनी सेना और लाव-लश्कर के साथ पालकी के आगे चलते थे। मराठा शासनकाल में सिंधिया वंश के राणोजी सिंधिया ने श्री महाकाल मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ सवारी परंपरा को भी नवजीवन दिया। उन्होंने सवारी में रथ, गजराज, सजीव लोक परंपराओं और राजसी वेशभूषा का बेजोड़ प्रदर्शन शामिल किया, जिसकी झलक आज भी सवारी में देखने को मिलती है। इसी पुरातन परंपरा को मुस्कुराके मंडली विगत 38 वर्षों से सहेजते हुए सवारी को भव्यता प्रदान कर रही है।

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सार्वजनिक सूचना

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार – 2026**

**आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार – 2026 के लिए आवेदन/नामांकन 15 मई, 2026 से आमंत्रित किए गए थे तथा आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **31 जुलाई, 2026** निर्धारित की गई थी।

2. सभी इच्छुक व्यक्तियों, संस्थाओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (Rashtriya Puraskar Portal) पर ऑनलाइन आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 15 अगस्त, 2026 कर दी गई है।**

3. सभी संबंधितों से अनुरोध है कि आवेदन/नामांकन **केवल ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in** पर ही प्रस्तुत करें। **डाक, कूरियर, ई-मेल अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/नामांकन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

4. पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड तथा अन्य आवश्यक जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग:**
https://depwd.gov.in

**राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल:**
https://awards.gov.in

CBC 38117/11/0006/2627

उज्जैन
शुक्रवार
31
जुलाई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

चिन्तया जायते दुःखं नान्यथेहेति निश्चयी।
तया हीनः सुखी शान्तः सर्वत्र गलितस्पृहः॥

**अर्थः** चिंता से ही दुःख उत्पन्न होते हैं किसी अन्य कारण से नहीं, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला, चिंता से रहित होकर सुखी, शांत और सभी इच्छाओं से मुक्त हो जाता है ।

## खबर एक नजर...

### प्रॉप्रट्री कारोबारी की महिला मित्र को इंदौर लाई पुलिस

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित श्याम पैलेस होटल की दूसरी मंजिल की बालकनी से गिरकर प्रॉपर्टी कारोबारी जितेंद्र (जीतू) साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उनकी महिला मित्र को भोपाल से हिरासत में लिया है। गुरुवार को पुलिस की एक टीम भोपाल पहुंची और महिला को इंदौर लाकर उससे पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार 13-14 जुलाई की दरमियानी रात करीब 4:30 बजे होटल की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण जितेंद्र साहू की मौत हो गई थी। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। जांच में पता चला कि घटना के समय सईद फारिया उर्फ ऐना होटल के उसी कमरे में मौजूद थी, जहां जितेंद्र ठहरे हुए थे। वह पिछले करीब 22 दिनों से होटल में रह रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटे के बयान दर्ज किए। परिजनों ने आरोप लगाया कि ऐना लंबे समय से जितेंद्र को ब्लैकमेल कर रही थी और उनसे बड़ी रकम भी ऐंठ चुकी थी। इन आरोपों के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस जांच में पता चला कि घटना के बाद ऐना भोपाल में अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। उसकी लोकेशन मिलने पर बाणगंगा थाना पुलिस की टीम भोपाल पहुंची और उसे इंदौर लेकर आई। फिलहाल वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महिला से कारोबारी की मौत और ब्लैकमेलिंग के आरोपों को लेकर पूछताछ कर रहे हैं। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर उसे मामले में आरोपी बनाया जा सकता है।

### इंदौर में 5 लाख से ज्यादा सेग्रीगेशन सेल्फी ली




**इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी और देश में स्वच्छता में अपना परचम फैलाने वाले इंदौर ने इस बार विश्व रिकॉर्ड बना लिया है। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत सेग्रीगेशन सेल्फी का विश्व रिकॉर्ड इंदौर ने बना लिया है। गुरुवार को नगर निगम ने सेग्रीगेशन सेल्फी का आह्वान किया था। जिसके बाद लोगों ने कचरा डालते समय सेग्रीगेशन सेल्फी ली और निगम को भेजी। एमआईसी मेंबर व स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुल्क ने बताया कि गुरुवार सुबह शुरू हुए इस सेग्रीगेशन सेल्फी का अच्छा प्रतिसाद मिला। इंदौर की जनता से बढ़चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया और शहर के 85 वार्डों से लोगों ने सेग्रीगेशन सेल्फी भेजी। नगर निगम ने 5 लाख का सेल्फी का लक्ष्य रखा था। दोपहर तक ही 4 लाख सेल्फी मिल गई थी। शाम होते-होते ये आंकड़ा 5 लाख के भी पार चला गया है। आज होगी वॉकथॉन स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि 31 जुलाई, शुक्रवार को इंदौर में रआइज वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत ये आयोजन किया जा रहा है।

### शराब दुकान पर सेल्समैन से भिड़ा सिपाही, वीडियो वायरल होने के बाद सस्पेंड

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र स्थित फूटी कोठी शराब दुकान पर पुलिस के एक सिपाही का हंगामा करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में सिपाही शराब के दाम को लेकर सेल्समैन से बहस करता और बाद में वीडियो बना रहे एक एजेंट को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहा है। मामले में यह भी सामने आया है कि सिपाही के साथ क्षेत्र का एक बदमाश भी मौजूद था। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के काउंटर पर पदस्थ सिपाही तनमय सिंह तोमर का दुकान कर्मचारियों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि शराब की कीमत को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद सिपाही काउंटर के अंदर घुस गया और कर्मचारियों से धक्का-मुक्की करने लगा। इसी दौरान वहां मौजूद एक एजेंट ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, जिससे नाराज होकर सिपाही ने उसे थप्पड़ मार दिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### सिविल इंजीनियर के घर से लाखों के जेवर गायब

**इंदौर।** चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं, जिनमें लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में एक सिविल इंजीनियर ने अपनी बीमार मां के केयरटेकर पर शंका जताई है, जबकि लसूड़िया थाना क्षेत्र में महाराष्ट्र से बेटी को ससुराल छोड़ने आए रिटायर्ड शिक्षक की बेटी के सूटकेस से ई-रिक्शा में ज्वेलरी चोरी हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने ऊषा नगर निवासी सिविल इंजीनियर हिमांशु मोदी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ गुरुवार को चोरी का मामला दर्ज किया है। शिकायत में उन्होंने अपनी मां के केयरटेकर राजकुमार पर शंका जताई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 147-2 | 134-8 |
| मेन बाजार | 346-3 | 348-5 |
| मिलन डे | 133-7 | 225-9 |
| मिलन नाइट | 127-0 | 158-4 |

1 2 8

---

### कावड़ यात्रा के लिए इंदौर में ट्रैफिक डायवर्शनः सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक प्रतिबंध

# 28 अगस्त तक खंडवा रोड पर दिन में नहीं चलेंगे भारी वाहन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सावन मास में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने खंडवा रोड पर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही को लेकर जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। अब 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक इस मार्ग पर ट्रक और अन्य भारी मालवाहक वाहन नहीं चल सकेंगे।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने मोटर यान अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है। इसका उद्देश्य कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और यातायात को सुचारु बनाए रखना है।



**इन वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध**

प्रतिबंध इंदौर से खंडवा और खंडवा से इंदौर आने-जाने वाले सभी भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा। प्रतिबंधित अवधि में इन वाहनों को तेजाजी नगर से राऊ गोल चौराहा, एबी रोड, मानपुर, बलकवाड़ा होते हुए देशगांव के वैकल्पिक मार्ग से होकर गुजरना होगा।

**इन वाहनों को मिलेगी छूट**

- यह प्रतिबंध केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू रहेगा। कार, जीप, दोपहिया वाहन पहले की तरह सामान्य रूप से चल सकेंगे।
- यात्री बसें, दूध के वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई वाहन, पानी के टैंकर, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहन जैसी आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को भी प्रतिबंध से छूट दी गई है।
- **स्वास्थ्य जांच, विश्राम और फलाहार की सुविधा मिलेगी-** उधर, ओंकारेश्वर से उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर तक कांवड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 'ॐ महाकाल कावड़ सेवा शिविर' की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शुरू किए गए इस शिविर का शुभारंभ जस्टिस राकेश सक्सेना ने किया।
- शिविर में कावड़ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच, प्राथमिक इलाज, विश्राम, फलाहार और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि लंबी पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उद्घाटन के बाद जस्टिस राकेश सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग की टीम से चर्चा कर चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था, उपलब्ध दवाइयों और प्राथमिक इलाज की सुविधाओं का अवलोकन किया। शिविर में सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों और चिकित्सा सामग्री का पर्याप्त इंतजाम किया गया है।
- कार्यक्रम में वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, केके गोयल, खेमराज बारोड़, ललित अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सोनगरा, प्रिया मालवीया, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सेवाभावी कार्यकर्ता मौजूद रहे।
- सभी ने पूरे सावन मास श्रद्धालुओं की सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर जस्टिस राकेश सक्सेना ने कहा कि कावड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का भी प्रतीक है।

---

### वार्ड 52 अजय बाग कॉलोनी में नर्मदा जलापूर्ति पर सवाल, निगम बोला- अगली सप्लाई से नहीं आएगा गंदा पानी

# शिकायतें होती रहीं, समाधान का इंतजार
# सैकड़ों परिवारों को मिलता रहा दूषित पानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में दूषित पेयजल की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मुसाखेड़ी क्षेत्र की अजय बाग कॉलोनी में पिछले दो महीने से नर्मदा जलापूर्ति के साथ काला और बदबूदार पानी आने से सैकड़ों परिवार परेशान हैं।

रहवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ और लोगों को मजबूरी में दूषित पानी का सामना करना पड़ा।

रहवासियों के अनुसार सुबह जलापूर्ति शुरू होने के बाद करीब 15 मिनट तक नलों से काला और दुर्गंधयुक्त पानी निकलता है। पानी में गटर जैसी बदबू आने से लोग इसे पीने और घरेलू उपयोग में लेने से भी बच रहे हैं। कई परिवारों ने पीने के लिए बाहर से पानी खरीदना शुरू कर दिया है। उनका दावा है कि दूषित पानी के कारण कई लोगों की तबीयत भी खराब हुई है।



अजय बाग कॉलोनी नगर निगम के जोन-18, वार्ड क्रमांक-52 में आती है। यहां अधिकांश घरों में बोरिंग नहीं होने से लोग पूरी तरह नर्मदा जलापूर्ति पर निर्भर हैं। रहवासियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और नगर निगम के 311 ऐप पर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन बिना स्थाई समाधान के शिकायतों का निराकरण दिखाकर उन्हें बंद कर दिया गया। कॉलोनी के रहवासी ओमप्रकाश शर्मा, अजय वर्मा और एडवोकेट राजेश यादव ने मांग की है कि जलापूर्ति लाइन की तकनीकी जांच कर यह पता लगाया जाए कि दूषित पानी किस स्थान से सप्लाई लाइन में मिल रहा है। उनका कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

**एलएंडटी की टीम कर रही जांच : इंजीनियर**

नगर निगम के इंजीनियर पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि जलापूर्ति लाइन में आए इस फॉल्ट की जांच एलएंडटी की तकनीकी टीम कर रही है। उन्होंने कहा कि ₹अगली बार जब नर्मदा जलापूर्ति होगी, तब यह खराब पानी नहीं आएगा। टीम फॉल्ट को दूर करने का काम कर रही है।

**पार्षद प्रतिनिधि ने भी किया दावा-** वार्ड-52 के पार्षद प्रतिनिधि सुदामा चौधरी ने बताया कि संबंधित कार्य एलएंडटी कंपनी के जिम्मे था और कंपनी को निर्देश देकर आवश्यक कार्य शुरू करा दिया गया है।

**जल समिति प्रभारी बोले- जल्द खत्म होगी समस्या-** नगर निगम जल समिति के प्रभारी अभिषेक 'बबलू' शर्मा ने बताया कि तकनीकी टीम यह पता लगा रही है कि किस स्थान से दूषित पानी जलापूर्ति लाइन में मिल रहा है। खराबी की पहचान कर उसे दूर किया जा रहा है और अगली जलापूर्ति से समस्या समाप्त होने की उम्मीद है।

---

### मुनिश्री सुधासागर महाराज के चातुर्मास में आस्था का रिकॉर्ड

# कलश स्थापना के लिए 53 करोड़ रुपए तक पहुंची बोली

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



जैन संत मुनिश्री सुधासागर महाराज के चातुर्मास को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। चातुर्मास के दौरान होने वाली कलश स्थापना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयोजित बोली में श्रद्धालुओं ने रिकॉर्ड भागीदारी दिखाई। बोली की कुल राशि 53 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जिसे जैन समाज में आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व उदाहरण माना जा रहा है। चातुर्मास जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठानों और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मुनिश्री सुधासागर महाराज के सान्निध्य में होने वाले चातुर्मास को लेकर इस वर्ष भी देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**53 करोड़ तक पहुंच गई बोली-** कलश स्थापना का लाभ लेने के लिए आयोजित बोली में श्रद्धालुओं ने खुले मन से भाग लिया। बोली के दौरान लगातार बढ़ती राशि ने वहां मौजूद लोगों को भी आश्चर्यचकित कर दिया। आखिरकार यह बोली 53 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही। धार्मिक आयोजन से जुड़े लोगों का कहना है कि यह केवल आर्थिक बोली नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था, समर्पण और गुरु के प्रति विश्वास का प्रतीक है। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, धार्मिक अनुष्ठान, तप, स्वाध्याय और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

---

# रमेश साहू हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

### सबूतों के अभाव में बाकी आरोपियों को कोर्ट से मिली राहत, छह साल बाद फैसला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के चर्चित शिवसेना नेता और होटल कारोबारी रमेश साहू हत्याकांड में सेशन कोर्ट ने चार साल बाद अहम फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार मिश्रा की कोर्ट ने हत्या के मामले में विजय उर्फ इज्जू, सुनील चौहान और प्रेम सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। यह सनसनीखेज वारदात 2 सितंबर 2020 को तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित उमरीखेड़ा में हुई थी। आरोपियों ने लूट की नीयत से रमेश साहू के नाइन नाइन (99) रेस्टोरेंट में प्रवेश किया। विरोध करने पर आरोपियों ने रमेश साहू को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के दौरान आरोपियों ने रमेश साहू की पत्नी गीता साहू और बेटी जया साहू के साथ मारपीट भी की। इसके बाद दोनों के गहने लूटकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस घटना ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी थी।

हत्या और लूट की इस वारदात के बाद पुलिस ने व्यापक जांच शुरू की। जांच के दौरान धार जिले के कुक्षी क्षेत्र के गांव लोहार निवासी विजय उर्फ इज्जू, सुनील चौहान, प्रेम सिंह सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कई महत्वपूर्ण गवाहों के बयान अदालत में दर्ज कराए। मृतक की पत्नी गीता साहू और बेटी जया साहू की गवाही को भी मामले में अहम माना गया। इनके अलावा अन्य साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध सिद्ध माना। एडवोकेट अपूर्व जैन ने बताया कि अन्य चार आरोपियों के मामले में दोष साबित नहीं कर सका। इसके चलते कोर्ट ने उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया।

---

### नाराज कांग्रेसियों ने पंढरीनाथ थाना पहुंचकर जताया विरोध, मामला भाजपाई-कांग्रेसियों में विवाद का


# कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से चार घंटे हुई पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए भाजपा-कांग्रेस विवाद मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को गुरुवार शाम पंढरीनाथ थाने पर चार घंटे से ज्यादा पूछताछ की गई। काफी देर से चल रही पूछताछ के चलते कांग्रेसी थाने के बाहर इकट्ठा हुए और रोष जताया।

कांग्रेस नेता शैलेष गर्ग ने बताया कि दोपहर 3 बजे वह थाने पहुंचे थे। पुलिस ने उनको बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। पुलिस ने तीन बार पेपर पर भी बयान दर्ज कर चुकी है।

इसके बाद भी थाने में बैठाकर ऑनलाइन बयान दर्ज करने का बहाना बनाया गया। इतना ही नहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष से पूछताछ कर उन्हें टॉर्चर भी किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विनय वाकलीवाल के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पंढरीनाथ थाने पहुंचे। सभी पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। सभी ने इसे राजनीतिक प्रताड़ना बताते हुए पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा शहर कांग्रेस अध्यक्ष को इतने घंटों तक थाने पर बैठाना सही नहीं है। पुलिस द्वारा मानसिक दबाव भी बनाया जा रहा है।



**विवाद के बाद शुरू हुई कार्रवाई**

यह पूरा मामला तीन माह पूर्व कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच हुए विवाद का है। इस मामले में चौकसे को चार घंटे थाने पर बैठाकर पूछताछ की और फिर छोड़ा गया।

---

### टंकी के नीचे 4 साल से चल रहा था अवैध आश्रम, किसी को भनक ही नहीं

# आश्रम सील कर 27-बुजुर्गों को अन्य आश्रमों में शिफ्ट किया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

14 वर्षीय नाबालिग के हाथों बुजुर्गों की पिटाई का वीडियो सामने नहीं आता, तो शायद नगर निगम की पानी की टंकी के नीचे चल रहे इस वृद्धाश्रम का सच कभी सामने नहीं आता।

शहर के महाराणा प्रताप नगर, मरीमाता में पिछले चार साल से सरकारी परिसर में प्रेमाश्रय नाम से एक वृद्धाश्रम संचालित हो रहा था। यहां न सुरक्षा थी, न मान्यता और न ही बुजुर्गों की देखभाल के इंतजाम। वीडियो वायरल होने के 24 घंटे के भीतर प्रशासन ने गुरुवार को आश्रम सील कर दिया।

कार्रवाई के दौरान आश्रम में मौजूद 27 वृद्धजनों को गणेश आश्रम, निराश्रित सेवाश्रम और आशा निलय सहित अन्य मान्यता प्राप्त संस्थाओं में भेजा गया। चार बुजुर्ग पहले से अस्पताल में भर्ती हैं। सामाजिक न्याय विभाग ने संचालिका नीलम दुबे के खिलाफ एफआईआर की तैयारी शुरू कर दी है। नाबालिग को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सुपुर्द किया गया है।




**न आवेदन किया न सूचना दी, इसलिए सील किया**

संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग पवन चौहान का कहना है, कोई भी संस्था मनमर्जी से आश्रम संचालित नहीं कर सकती। संस्था को बंद करवा दिया गया है। एफआईआर कराएंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा का कहना है, वृद्धाश्रम सील करने के साथ की जांच की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों से भी जानकारी ली जाएगी कि निगम परिसर में अवैध रूप से वृद्धाश्रम कैसे संचालित किया जा रहा था।

सरकारी जमीन, अवैध संचालन और जिम्मेदारों की चुप्पी प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम वर्ष 2022 से संचालित हो रहा था। इस संस्था का पंजीयन 27 नवंबर 2024 को रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी में कराया गया था, लेकिन सामाजिक न्याय विभाग की ओर से इसे कभी मान्यता नहीं मिली थी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संस्था की ओर से न तो ऑनलाइन आवेदन किया गया और न ही जरूरी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। पूर्व पार्षद संतोष गौर के कार्यकाल में संस्था को यह स्थान मिला था।

बुजुर्गों की सुरक्षा भगवान भरोसे, न गार्ड न कैमरे और न ही केयर टेकर आश्रम में एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं था। सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। परिसर में गंदगी फैली हुई थी। संचालिका नीलम दुबे, उनकी बहन और बेटा ही आश्रम चला रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, दो साल पहले यहां करीब 40 बुजुर्ग थे। इनमें चार की मौत हो चुकी है, जबकि कुछ अस्पताल में भर्ती हैं। संचालिका नीलम दुबे के मुताबिक नाबालिग एक साल पहले अपनी मां के साथ आया था। मां की पांच माह पहले मौत हो चुकी है। मारपीट से पहले एक बुजुर्ग ने उसे टब मार दिया था।

## बंदूक के साए में वन भूमि पर बोई 100 बीघा फसल का कीटनाशक से सफाया

**लटेरी।** वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वन विभाग ने अब तक का सबसे सख्त और अनूठा रुख अपनाया है। जेसीबी की कार्रवाई के बाद भी मुरवास बीट के इस्लामनगर में चोरी-छिपे दोबारा बोई गई करीब 100 बीघा अवैध फसल को विभाग ने इस बार केमिकल स्ट्राइक कर पूरी तरह नष्ट कर दिया है। कार्रवाई से पहले अधिकारियों ने पूरा प्लान बेहद गोपनीय रखा। गुरुवार सुबह 9 बजे अधिकारियों और सुरक्षाबलों की टीम ने अचानक मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान वन माफिया ने विरोध करने की कोशिश भी की, लेकिन भारी बल की मौजूदगी के आगे उनकी एक न चली। 4 स्प्रे मशीनों के जरिए 100 बीघा जमीन पर 50 लीटर 'सफाया' नामक खरपतवारनाशी का छिड़काव किया गया। इस मामले में डीएफओ हेमंत यादव का कहना है कि लटेरी क्षेत्र में पहली बार अवैध रूप से बोई गई फसल पर 'सफाया' दवा का छिड़काव कर उसे नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। वन भूमि पर अवैध कब्जे और खेती के खिलाफ आगे भी ऐसा ही सख्त अभियान जारी रहेगा।

## ग्वालियर में भाभी के प्यार में देवर ने आत्महत्या की

**ग्वालियर।** ग्वालियर के गिरवाई थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक 22 वर्षीय फोटोग्राफर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मौत से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने अपने प्रेम संबंध का जिक्र करते हुए अपनी मौत के लिए प्रेमिका को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक सिकंदर कंपू स्थित गड्ढा वाला मोहल्ला का रहने वाला था और 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद फोटोग्राफी का काम करता था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि युवक का अपनी रिश्ते की भाभी से प्रेम संबंध था। दोनों के रिश्ते का भाभी के मायके और ससुराल पक्ष के लोग विरोध कर रहे थे। विरोध बढ़ने पर महिला ने भी युवक से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। बताया जा रहा है कि इसी से आहत होकर युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और सुसाइड नोट के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है। ग्वालियर के गिरवाई थाना क्षेत्र स्थित सिकंदर कंपू के गड्ढा वाला मोहल्ला में रहने वाले 22 वर्षीय मोंटी मोरे ने गुरुवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा तब हुआ, जब उसकी बहन पल्लवी कमरे में पहुंची और मोंटी को फंदे पर लटका देखा। भाई की हालत देखकर वह चीख पड़ी। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

## रीवा-इंदौर एक्सप्रेस के निशातपुरा स्टॉपेज की मांग

**रीवा।** मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र के हजारों रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-इंदौर एक्सप्रेस के भोपाल स्थित निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर ट्रेन संख्या 11703 रीवा-इंदौर एक्सप्रेस और 11704 इंदौर-रीवा एक्सप्रेस का नियमित स्टॉपेज निशातपुरा स्टेशन पर शुरू करने का आग्रह किया है। उपमुख्यमंत्री का कहना है कि यह निर्णय केवल एक स्टेशन पर ट्रेन रोकने का मामला नहीं, बल्कि विंध्य क्षेत्र के हजारों यात्रियों की वर्षों पुरानी समस्या का व्यावहारिक समाधान साबित हो सकता है। पत्र में राजेंद्र शुक्ल ने उल्लेख किया है कि रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली और आसपास के जिलों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग शिक्षा, रोजगार, व्यापार, चिकित्सा और प्रशासनिक कार्यों के लिए भोपाल पहुंचते हैं। राजधानी से विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली ट्रेनों में सबसे अधिक दबाव रेवांचल एक्सप्रेस पर रहता है।

## केसला की पूर्व बीईओ आशा मौर्य का नया कारनामा उजागर

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के आदिवासी ब्लॉक केसला की पूर्व बीईओ और वर्तमान हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य आशा मौर्य के भ्रष्टाचार की परत दर परत खुल रही है। स्थाई शिक्षकों के नियम विरुद्ध अटैचमेंट और अतिथि शिक्षकों गलत की भर्ती में सस्पेंड चल रही आशा मौर्य का अब अर्जित अवकाश के बिलों में गड़बड़ी कर शासन को लाखों रुपए का चुना लगाने का मामला उजागर हुआ है। केसला ब्लॉक में रिटायर्ड शिक्षक, कर्मचारियों के अर्जित अवकाश की राशि के भुगतान में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। जिसमें बीईओ मौर्य पर आरोप है कि उन्होंने अपने डीडीओ पद का गलत इस्तेमाल कर संकुल प्राचार्य द्वारा कर्मचारियों के भेजे अर्जित अवकाश के भुगतान बिल बदलकर खुद के स्तर से नए बिल बनाएं और फिर उस राशि को कई गुना बढ़ाकर उसका भुगतान संबंधित शिक्षक, रिटायर्ड शिक्षक कर्मचारियों के खाते में कराएं गए। जिसमें किसी शिक्षक के बिल 36350 रुपए बना था। उसे 8.72 लाख रुपए का भुगतान कराया गया। ऐसे तीन शिक्षकों के अर्जित अवकाश के बिलों में बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। भ्रष्टाचार का यह बड़ा मामला कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा बनाई जनजातीय कार्य विभाग की टीम ने किया है। आईएफएमआईएस पोर्टल से सामने आया कि तीन शिक्षकों के अर्जित अवकाश के बिल भुगतान की राशि में बड़ा अंतर देखने को मिला है। तीनों शिक्षकों को 16 लाख 2 हजार 762 रुपए अधिक राशि का भुगतान कर दिया गया है। जबकि संकुल द्वारा 4 लाख 80 हजार 393 रुपए राशि के बिलों को भेजा गया था। लेकिन आहरण संवितरण अधिकारी आशा मौर्य ने तीनों के साथ सांठ गांठ कर अर्जित अवकाश की राशि को बढ़ाकर भारी भ्रष्टाचार किया है।

# 1.80 लाख जमा नहीं कराए तो खाली करना होंगे फ्लेट

### तीन दिन का दिया समय, नगर निगम हटाएगी अवैध कब्जा; 208 हितग्राहियों ने जमा नहीं कराई राशि

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डोसीगांव स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में रहने वाले 208 हितग्राहियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने ऐसे लोगों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर 1.80 लाख रुपए की बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। तय समय में राशि जमा नहीं होने पर 4 अगस्त से फ्लैट खाली कराए जाएंगे और संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के तहत डोसीगांव में स्थित शिवशंकर बस्ती के 396 पात्र हितग्राहियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए गए थे। इनमें से 188 हितग्राहियों ने नियमानुसार अपना 2 लाख रुपए का अंशदान जमा कर दिया, जबकि 208 हितग्राहियों ने केवल मार्जिन मनी जमा कराई और पूरी राशि जमा किए बिना ही फ्लैटों पर कब्जा कर लिया।



### घरों में घुसा बारिश का पानी, मंडी में प्याज बही

रतलाम में गुरुवार दोपहर हुई करीब दो घंटे की मूसलाधार बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी। सड़कें जलमग्न हो गईं, कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया और हर साल की तरह दो बत्तीझफ्रीगंज चौराहा फिर डूब गया। पानी में कई दोपहिया चालक गिर पड़े, जबकि कृषि उपज मंडी में पानी घुसने से किसानों के प्याज बहने लगे। सुबह कुछ देर बारिश के बाद मौसम साफ हो गया था, लेकिन दोपहर करीब 2 बजे अचानक काले बादल छा गए और तेज गरज के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। रुक-रुककर करीब दो घंटे तक हुई बारिश से शहर के अधिकांश निचले इलाकों में पानी भर गया। तेज बारिश के दौरान वाहन चालकों को सामने तक देखना मुश्किल हो गया।

### तीन दिन का अंतिम मौका

नगर निगम ने नोटिस जारी कर स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित हितग्राहियों को तीन दिन के भीतर बकाया 1.80 लाख रुपए जमा करने होंगे। यदि निर्धारित समय सीमा तक भुगतान नहीं किया गया तो 4 अगस्त से फ्लैटों से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भुगतान नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ केवल बेदखली ही नहीं, बल्कि वैधानिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। नोटिस जारी होने के बाद डोसीगांव की ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में रहने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति है। नगर निगम आयुक्त अनिल भाना ने बताया कि जिन हितग्राहियों ने केवल मार्जिन मनी जमा कर फ्लैटों पर कब्जा किया हुआ है, उन्हें अंतिम अवसर दिया गया है। यदि वे तीन दिन के भीतर शेष राशि जमा नहीं करते हैं तो निगम फ्लैटों पर कब्जा वापस लेकर नियमानुसार कार्रवाई करेगा।

# डीजल से भरा टैंकर पलटा, ग्रामीण बर्तन भरकर ले गए

### रतलाम में दिल्ली-मुंबई 8 लेन पर हादसा, गुजरात से दिल्ली जा रहा था टैंकर



ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर को बायो डीजल से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से टैंकर में भरा डीजल सड़क पर बहने लगा। डीजल बहता देख आसपास के लोग बर्तन लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बह रहे डीजल को छन्नी और कुप्पी लगाकर कैन और बर्तनों में भर-भर कर अपने घर ले गए। इस दौरान टैंकर चालक केविन में फंसा रहा, पुलिस के आने के बाद उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसा सुबह करीब 12 बजे हुआ है। डीजल लेकर टैंकर गुजरात की तरफ रतलाम की ओर आ रहा था। रावटी थाना अंतर्गत माही नदी पुल क्रॉस करने के बाद भीमपुरा के पास बैलेंस बिगड़ने के कारण टैंकर अचानक से पलटी खा गया। टैंकर पलटने से कुछ दूर घिसटता हुआ गया।



### लोग बर्तन लेकर दौड़े

जैसे लोगों की टैंकर पलटने व उसमें डीजल भरा होने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण 8 लेन पर बर्तन लेकर पहुंच गए। जिसके हाथ में जो बर्तन आया उसमें डीजल भर कर अपने घर ले गए। सूचना मिलने पर डायल 112 के जवान व रावटी थाने के हेड कॉन्स्टेबल हेमंत जाट, कॉन्स्टेबल अवधेश परमार, शैलेंद्र पांचाल भी मौके पर पहुंची। लोगों को टैंकर से दूर भगाया। इसके बाद टैंकर को सीधा किया गया।

## मंदसौर में 10 लाख की एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा जब्त

### दो तस्कर गिरफ्तार, बिना नंबर बाइक और आईफोन-11 भी बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

मंदसौर की पिपलियामंडी पुलिस ने 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख रुपये कीमत की 100 ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स (एमडी), 5.166 किलोग्राम डोडाचूरा, एक आईफोन-11 और बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई गुरुवार देर शाम बालागुड़ा-बही पार्श्वनाथ रोड स्थित डुंगलावदा फंटा के पास वाहन चेकिंग के दौरान की गई। इसी दौरान बालागुड़ा की ओर से बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान नितेश पिता किशनलाल पाटीदार (20) निवासी राजाखेड़ी, थाना नई आबादी, जिला मंदसौर और विपिन पिता वरदीचंद शर्मा (19) निवासी पिल्लू, थाना रठांजना, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों की तलाशी ली तो उनके पास से 100 ग्राम सिंथेटिक ड्रग्स (एमडी), 5.166 किलोग्राम डोडाचूरा, एक आईफोन-11 और बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है।

# धार जिले में भोजशाला से सटी जमीन नमाज के लिए दी

### सुप्रीम-कोर्ट ने कहा- धार्मिक अधिकार नहीं छीन सकते; सरकार ने 2 किलोमीटर दूर जगह दी थी

ब्रह्मास्त्र ›› धार

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला से सटी हुई जमीन नमाज के लिए मुस्लिम समाज को दी है। यहां हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक नमाज अदा की जा सकेगी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस भूखंड तक पहुंचने के लिए अलग रास्ता है और यह विवादित भोजशाला परिसर के बिल्कुल पास है। इसलिए यह नमाज के लिए उपयुक्त स्थान है। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को



यहां जरूरी व्यवस्थाएं करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट के पिछले आदेश के बाद प्रशासन ने करीब 2 किलोमीटर दूर जगह तय की थी, जहां मुस्लिमों ने नमाज से मना कर दिया था। इसके बाद याचिका दायर की थी।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नक्शे में दिखाई गई 'यलो साइट' पर ध्यान दिलाया। कोर्ट ने कहा कि इस जगह तक अलग और स्वतंत्र रास्ता है। यह विवादित परिसर से सटी हुई है। मुस्लिम पक्ष ने भी इसी जगह पर सहमति जताई। इसके बाद कोर्ट ने इसी जगह को नमाज के लिए सूटेबल माना। भोजशाला परिसर के पीछे लकड़ी पीठा के पास सर्वे नंबर 596 की जमीन मौजूद है। यह परिसर के पीछे दाहिनी ओर निकलने वाले वैकल्पिक निकास मार्ग के ठीक सामने है।

## सागर में मकान बना अवैध शराब का गोदाम

**सागर।** सागर जिले की गढ़ाकोटा पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान से 564.780 बल्क लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से करीब 4 लाख 4 हजार 180 रुपए कीमत की शराब बरामद की है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान आरोपी मकान मालिक फरार मिला। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गढ़ाकोटा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बजरंग वार्ड स्थित एक मकान में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का भंडारण कर उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी गौरव सिंह तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और बताए गए पते पर दबिश दी गई।

## 28 करोड़ की सरकारी मूंग में मिली मिलावट

ब्रह्मास्त्र ›› नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 28 करोड़ रुपए की सरकारी मूंग में मिट्टी और दूसरे बाहरी पदार्थ मिलाने के मामले में वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक समेत 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में कुछ बोरियां पूरी तरह मिट्टी से भरी मिली थीं। मामले में कनकधारा वेयरहाउस को सील कर दिया गया है।

जांच में शासन को करीब 28.14 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। मामले में सबसे अहम बात यह है कि जिस वेयरहाउस में यह गड़बड़ी मिली, वहां करीब एक साल पहले भी अनियमितता सामने आ चुकी थी। तब जांच के बाद वेयरहाउस को ब्लैक लिस्ट किया गया था।

उस जांच टीम में वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव डवडे भी शामिल थे। इसके बावजूद दोबारा सरकारी मूंग के भंडारण में गड़बड़ी सामने आने पर उनकी जिम्मेदारी और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठे हैं।

नर्मदापुरम के माखननगर स्थित कनकधारा वेयरहाउस में रखी सरकारी मूंग में मिट्टी मिलावट का मामला जांच के बाद सामने आया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर 22 जुलाई को गठित जांच दल ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान वेयरहाउस में रखी सरकारी मूंग की 23 स्टैक में गड़बड़ी मिली। कई बोरियों में तय सीमा से अधिक मिट्टी और अन्य बाहरी पदार्थ पाए गए।

## मध्यप्रदेश में बनेगा देश का पहला टेलीकॉम हब

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर

मध्य प्रदेश अब टेलीकॉम और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। दिल्ली में मध्य प्रदेश सरकार और केंद्रीय दूरसंचार विभाग के बीच हुए एमओयू के बाद ग्वालियर में देश का पहला इंटीग्रेटेड टेलीकॉम टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा।

170 एकड़ जमीन पर बनने वाले इस टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन में 5जी, 6जी और आधुनिक डिजिटल तकनीक से जुड़े उपकरण तैयार होंगे। परियोजना में शुरूआती तौर पर करीब 2000 करोड़ के निवेश और 4500 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की घोषणा की गई है। भविष्य में यहां 8 से 9 हजार युवाओं को स्थायी रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। ग्वालियर का यह जोन देश का पहला ऐसा केंद्र होगा, जहां टेलीकॉम उत्पादों की पूरी वैल्यू चेन एक ही स्थान पर विकसित होगी। यहां प्रोडक्ट डिजाइन, डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग, सर्टिफिकेशन और एक्सपोर्ट तक की पूरी प्रक्रिया उपलब्ध होगी। इसका फायदा यह होगा कि कंपनियों को अलग-अलग शहरों में डिजाइन, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन की सुविधाओं के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही जगह पर पूरी व्यवस्था मिलने से उत्पादन शुरू करने में समय कम लगेगा।

# मध्यप्रदेश में अब बिल्डिंग परमिशन के लिए एनओसी की बाध्यता खत्म

### आवेदन से मंजूरी तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन; डिजिटल दस्तावेज ही होंगे मान्य

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अब घर या अन्य भवन बनाने की अनुमति लेना पहले से आसान होगा। राज्य सरकार ने बिल्डिंग परमिशन के लिए कई विभागों से अनिवार्य रूप से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लाने की बाध्यता खत्म कर दी है। अब हाउसिंग सोसायटी, नजूल और बिजली विभाग समेत कई मामलों में आवेदकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही भवन अनुज्ञा की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और केवल डिजिटल दस्तावेज ही स्वीकार किए जाएंगे।



नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। सरकार का कहना है कि इससे आम नागरिकों के साथ निवेशकों, बिल्डर्स और निर्माण एजेंसियों को भी राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत सहकारिता विभाग एवं गृह निर्माण सहकारी समितियों, नजूल और बिजली विभाग से मांगी जाने वाली कई प्रकार की एनओसी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। रक्षा प्रतिष्ठानों, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल तथा विकास प्राधिकरणों से जुड़े मामलों में भी अब आवेदकों को स्वयं ठडउ लाने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। यदि किसी मामले में संबंधित विभाग की राय आवश्यक होगी तो सक्षम प्राधिकारी आवेदन मिलने के सात दिन के भीतर प्रकरण संबंधित विभाग को भेजेगा।


विभाग को 21 दिन के भीतर अपनी अनापत्ति या आपत्ति देनी होगी। तय समय में जवाब नहीं मिलने पर भवन अनुमति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

### इन मामलों में अब भी एनओसी जरूरी

सरकार ने स्पष्ट किया है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण और हेरिटेज क्षेत्रों से संबंधित ठडउ केवल उन्हीं मामलों में जरूरी होगी, जहां ऑनलाइन ऋ्रझ आधारित जांच में भूखंड प्रतिबंधित या प्रभावित क्षेत्र में पाया जाएगा। अन्य मामलों में इनकी जरूरत नहीं होगी।

### पर्यावरण और फायर नियमों में भी स्पष्टता

निर्धारित क्षेत्रफल से बड़े भवनों और परियोजनाओं के लिए ही पर्यावरणीय स्वीकृति जरूरी होगी। वृक्ष कटाई की अनुमति भी केवल उन्हीं मामलों में लेनी होगी, जहां वास्तव में पेड़ काटे जाने हों। अग्निशमन (फायर) अनापत्ति के नियम राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुसार लागू रहेंगे।





# आर्यन को लंदन में कोई मिल गई?

**शाहरुख** खान के बड़े बेटे आर्यन खान एक बार फिर अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में उन्हें लंदन में एक मिस्ट्री गर्ल के साथ घूमते हुए देखा गया, जिसके बाद से ही उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई हैं. आर्यन बेहद कैजुअल लुक में दिख रहे हैं. उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट, ट्राउजर और स्नीकर्स पहने हुए हैं. वहीं, लड़की ऑल-ब्लैक आउटफिट में दिख रही हैं. दावा किया जा रहा है कि दोनों लंदन के एक कसीनो के बाहर स्पॉट हुए थे. शुरुआत में फैंस लड़की की पहचान को लेकर उलझन में थे, लेकिन बाद में दावा किया गया कि वह कोई और नहीं बल्कि आर्टिस्ट विनी टकायर हैं. विनी ने खुद इस ट्रिप की तस्वीरें शेयर की और लिखा, "लंदन, आई लव यू." उनकी इस पोस्ट के सामने आते ही आर्यन संग अफेयर की अफवाहें शुरु हो गई. बता दें कि इससे पहले आर्यन का नाम ब्राजिलियन एक्ट्रेस और मॉडल लारिसा बोनेसी के साथ जुड़ चुका है.



# ब्वॉयफ्रेंड संग निया का वेकेशन

**टीवी** की पॉपुलर और बोल्ड एक्ट्रेसेज में शुमार निया शर्मा हमेशा अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक से फैंस के होश उड़ा देती हैं. निया इन दिनों मालदीव में वेकेशन के मजे ले रही हैं. उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं. सबसे खास बात, उन्होंने अपने रुमर्ड ब्वॉयफ्रेंड सिकंदर सिंह से भी



रुबरु करवा दिया है. अब उनके रिलेशनशिप की जोरदार चर्चा होने लगी है. एक तस्वीर में निया उनका हाथ थामे हुए नजर आ रही हैं. कभी वे रिसॉर्ट स्टाफ के साथ पोज देते तो कभी साथ में ड्रिंक्स एंजॉय करते, साइकिल चलाते भी दिखते हैं. कुछ तस्वीरों में निया व्हाइट कट-आउट स्विमसूट में समंदर किनारे बोल्डनेस का तड़का लगाती दिखती हैं. सिकंदर सिंह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है.

# राम के युग का आरंभ !

**आखिरकार,** डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर गुरुवार का दिन निकलने से पहले ही सामने आ गया. इसे ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया गया. यूं तो 'रामायण' की कहानी सबको पता है. टीवी पर भी यह कई बार आई. लेकिन जनमानस की आस्था का विषय होने की वजह से इसे एक बार फिर लार्ज स्केल पर बनाने की कोशिश हुई है. कई अहम प्रसंगों की झलक दिखाते ट्रेलर में शानदार विजुअल्स, सिनेमैटोग्राफी, भव्यता और बड़े सितारों की मौजूदगी ध्यान खींचती है. 'ये राम के युग का आरंभ है' जैसे डायलॉग भी धांसू हैं. फिल्म की लागत 4000 करोड़ रुपए बताई जा रही है.

## रावण से शुरुआत


हिंदी, कन्नड़, तेलुगू, तमिल और मलयालम आदि पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज हुए 4 मिनट 9 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत रावण (यश) से होती है. उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देता है. फिर सामने आता है, राम का अवतार.



## सीता से ज्यादा शूर्पणखा की चर्चा

शूर्पणखा बनीं रकुल प्रीत का ग्लैमरस लुक भी चर्चा में है. उनके कॉस्ट्यूम और लुक पर मीम बन रहे हैं. नेटिजन्स उन्हें 'मॉडर्न शूर्पणखा' कह रहे हैं. कुछ अन्य किरदारों के लुक तथा कॉस्ट्यूम पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या त्रेतायुग में ऐसा पहनावा होता था.

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ








## जोक्स

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!




**बाएं से दाएं**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू -3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीति, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माइन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

## वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 45 | | 9 | | 12 | = | 53 |
| | | | | | | | | |
| 59 | | 20 | | 6 | | 20 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 20 | | 25 | = | 45 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 40 | | 10 | | 33 | | 32 | = | |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वान' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

कोचवान, भगवान, मूल्यवान, पकवान, यशवान, ज्ञानवान, भाग्यवान, दयावान, सागवान, पहलवान

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |
| | 30 | 6 | 34 | 2 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | | 6 | 2 | |
| 6 | 30 | | 33 | | 34 | 5 |
| | 5 | 2 | | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 35 | 4 | 35 | | 28 | |
| 4 | 7 | | 6 | | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | + | 50 | - | 75 | - | 20 | = | 50 |
| - | | - | | - | | + | | + |
| 38 | - | 24 | + | 71 | - | 12 | = | 73 |
| + | | - | | + | | - | | - |
| 1 | x | 15 | + | 62 | - | 5 | = | 72 |
| - | | + | | + | | - | | - |
| 15 | x | 2 | + | 6 | x | 7 | = | 35 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 43 | - | 13 | - | 11 | + | 20 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 31 | 2 | 38 | 6 | 28 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 36 | 3 | 33 | 1 | 28 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 7 | 32 | 4 | 31 | 4 | 33 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल-

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

19 साल बाद कोलकाता वापसी पर बोलीं तसलीमा-

# खुशी और दर्द दोनों के साथ लौटी हूं, एक अगस्त को सीएम के साथ कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन 19 साल बाद कोलकाता लौटी हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अपने देश लौटने जैसा है। मैं खुशी और दर्द दोनों के साथ लौटी हूं।

तस्लीमा 1 अगस्त को एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसमें पश्चिम बंगाल के उट सुवेंदु अधिकारी और लेखक शीर्षेंदु मुखोपाध्याय भी शामिल होंगे। तस्लीमा 2007 के बाद पहली बार कोलकाता में सार्वजनिक रूप से दिखाई देंगी। साल 2003 में उनकी किताब 'द्विखंडित' पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। उन पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने का आरोप था। इसके बाद 2007 में विरोध प्रदर्शनों के कारण उन्हें कोलकाता छोड़ना पड़ा। 1994 में बांग्लादेश से भागने के बाद से तसलीमा कोलकाता में रह रही थीं। बातचीत में तस्लीमा ने कहा कि कोलकाता सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि अपनापन महसूस कराने वाला शहर है।




उन्होंने कहा, मेरे दिल में बंगाल कभी किसी सीमा या कटीले तारों से नहीं बंटा। पूर्वी बंगाल के दरवाजे मेरे लिए बंद हैं, इसलिए फिलहाल बंगाल का यह हिस्सा ही मेरा घर है। 19 साल बाद कोलकाता में सार्वजनिक रूप से बोलना कल्पना लगता है। यह उस आवाज की वापसी है जिसे कट्टरपंथियों ने दबाने की कोशिश की थी। तस्लीमा ने युवा पाठकों और लेखकों से कहा, मेरा संदेश है कि हर चीज पर सवाल उठाएं। धर्म, परंपरा, सत्ता और राजनीति पर सवाल करें। किसी और के पूर्वाग्रहों को अपनी धारणा न बनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दौरा एक बार की घटना बनकर नहीं रहेगा और वह जब चाहें कोलकाता लौट सकेंगी।

बंगाल में पूर्व बस ड्राइवर के घर 15 किलो सोना मिला:

# 28 करोड़ कैश भी बरामद, नोट गिनते-गिनते 5 मशीनें खराब, अलमारी भी नोटों से भरी थी, आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने बुधवार रात एक पत्थर कारोबारी के घर छापा मारकर 15 किलो सोना बरामद किया। इसकी कीमत करीब 21.5 करोड़ आंकी गई है। पुलिस को 28.5 करोड़ से ज्यादा कैश भी मिला। नोटों को गिनते-गिनते 5 करेंसी काउंटिंग मशीन खराब हो गईं। पुलिस ने पत्थर कारोबारी मिनार मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मिनार पहले राज्य परिवहन विभाग में बस ड्राइवर था और बाद में स्टोन कारोबार से जुड़ गया। इस मामले में मिनार का जीजा और पत्थर कारोबारी तुलु मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन फरार है। तुलु मंडल 2024 में बेटी की शादी में करीब 100 करोड़ खर्च करने पर चर्चा में आया था। शादी में बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान और एक्ट्रेस जरीन खान भी शामिल हुए थे।

आरोपी के घर से मिले करोड़ों रुपए 25 बैग में जब्त किए गए। वहीं सोने के छोटे और बड़े साइज के 24 बिस्किट मिले। आरोपी के घर से मिले करोड़ों रुपए 25 बैग में जब्त किए गए। वहीं सोने के छोटे और बड़े साइज के 24 बिस्किट मिले। तुलु मंडल को पूर्व टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल का करीबी माना जाता है। अनुब्रत जून में ळटउ के बागी ऋतब्रत बनर्जी गुट में शामिल हो गए थे। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने छापेमारी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उन्होंने लिखा- भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति जारी रहेगी।



### मिनार ने कबूला, कैश और सोना तुलु का है

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात मिनार मंडल के घर पर छापेमारी शुरू की थी। घर से मिले ?28.5 करोड़ कैश को लोहे के बक्सों में भरकर मोहम्मद बाजार थाने ले जाया गया, जहां से इसे बैंक में जमा कराया जाएगा। घर से 1-1 किलो के 14 गोल्ड बार और 100-100 ग्राम के 10 गोल्ड बिस्किट भी बरामद किए। इनकी कीमत करीब ?21.5 करोड़ बताई गई है। मिनार मंडल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि कैश और सोना तुलु मंडल का है। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि करोड़ों रुपए की नकदी और सोना कहां से आया

भारत की 117 प्रभावशाली महिलाओं के पास 39 लाख करोड

# विरासत से नहीं, अपने दम पर 84% महिलाओं ने खुद खड़े किए साम्राज्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दशकों तक भारत की प्रभावशाली महिलाओं की सूची में बिजनेस घरानों की वारिस, प्रमोटर परिवारों और कॉर्पोरेट जगत की दिग्गज हस्तियों का दबदबा रहा। लेकिन अब प्रभाव और सफलता कारोबारी घरानों की विरासत तक सीमित नहीं है।

आंत्रप्रेन्योर, स्टार्टअप फाउंडर, पेशेवर सीईओ से लेकर ओलिंपिक पदक विजेता, पत्रकार, लेखिका, डिजिटल क्रिएटर और एक्टिविस्ट भी इसमें शामिल हैं। 2026 की कैंडेरे हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स लिस्ट में इस साल 12 कैटेगिरी में 117 महिलाएं शामिल की गई हैं। साल 2025 में इस लिस्ट में नौ कैटेगरीज में 97 महिलाएं शामिल थीं। मौजूदा लिस्ट में शामिल महिलाएं कुल 39 लाख करोड़ रुपए की वेल्थ का प्रतिनिधित्व करती हैं।

लिस्ट में किरण शॉ, रोशनी नाडार, फाल्गुनी नायर, निसाबा गोदरेज, प्रिया नायर जैसे बिजनेस लीडर; पीवी सिंधु, मनु भाकर, मैरी कॉम, मीराबाई चानू जैसी एथलीटों के साथ पत्रकार फेय डिसूजा, बरखा दत्त और पालकी शर्मा, लेखिका सुधा मूर्ति, ट्विंकल खन्ना और उद्यमी अनन्या बिड़ला भी हैं। बड़ी बात यह है कि 84% यानी 98 महिलाएं सेल्फ-मेड हैं, जबकि 19 महिलाएं पारिवारिक विरासत के सहारे यहां पहुंची हैं। सूची में सबसे कम उम्र की 19 वर्षीय पैरा-आर्चर शीतल देवी से लेकर सबसे बुजुर्ग 86 वर्षीय आंत्रप्रेन्योर रजनी बेक्टर भी शामिल हैं।




### प्रभाव सिर्फ बैलेंस शीट से नहीं

इस लिस्ट में प्रभाव को बैलेंस शीट से ही नहीं, बल्कि बौद्धिक संपदा, सार्वजनिक भागीदारी, इनोवेशन और सामाजिक प्रभाव से भी मापा गया है। यही वजह है कि 20 ओलिंपिक और पैरालिंपिक पदक विजेता इसमें सबसे बड़ी कैटेगरी बनाते हैं। इनमें से भी 60% पैरा-एथलीट्स हैं।

### खुद अपनी मेहनत से सफलता हासिल की

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा- इन महिलाओं में से 98 ने खुद अपनी मेहनत से सफलता हासिल की है, जो खानदानी रईस महिलाओं से पांच गुना से भी अधिक है। यह अनुपात हमें बताता है कि भारत में नेतृत्व अब विरासत में मिलने के बजाय अर्जित किया जा रहा है।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद सफेद हुई आंखें

## ऑपरेशन थिएटर सील:रोशनी जाने का खतरा; गंभीर हालत में 5 मरीज जयपुर और 2 अजमेर रेफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डीडवाना-कुचामन

सरकारी हॉस्पिटल में मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) के ऑपरेशन के बाद मरीजों की हालत बिगड़ गई। उनकी आंखें सफेद पड़ गईं। 7 मरीजों की आंखों में ऐसा इंफेक्शन (संक्रमण) हुआ कि इनमें से 5 को बुधवार रात फौरन जयपुर के सवाई मान सिंह (रटर) हॉस्पिटल लाना पड़ा। वहीं 2 मरीजों को गुरुवार सुबह अजमेर के खछठ अस्पताल रेफर किया गया। इन मरीजों की आंखों की रोशनी खतरे में है। यह पूरा मामला डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन सिटी स्थित राजकीय आई हॉस्पिटल का है। ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया गया है। जांच के लिए रटर और खछठ हॉस्पिटल से मेडिकल टीम भेजी गई हैं।

उधर, पिछले दिनों कोटा और बीकानेर के सरकारी हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद प्रसूताओं (महिलाओं) की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसमें से कई की जान चली गई थी।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया- सभी मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन 28 जुलाई को कुचामन सिटी में हुआ था। सभी ऑपरेशन डॉ. विनोद और डॉ. राजकुमारी ने किए थे। इसके लगभग 24 घंटे बाद इंफेक्शन फैलने लगा और आंखें सफेद पड़ गईं। मरीजों की बिगड़ती हालत को देखते हुए कुचामन सिटी के डॉक्टरों ने उन्हें बुधवार रात जयपुर के रटर हॉस्पिटल रेफर किया था। 5 मरीज रात करीब 9:30 बजे एसएमएस हॉस्पिटल पहुंच गए थे। घासीराम (65), हीराराम (73), गोकुल (70), मीरा देवी (68) और नारायणी को (67) ट्रॉमा/इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। इन मरीजों की स्थिति को देखते हुए मेडिकल प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया- हमने रात में ही सीनियर डॉक्टर्स का मेडिकल बोर्ड गठित कर ट्रीटमेंट शुरू करवा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 4 डॉक्टरों का विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। जो मरीजों के इलाज और पल-पल की मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार होगा। मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष और नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नगेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया- एसएमएस अस्पताल पहुंचते ही सभी मरीजों का स्टैंडर्ड मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत इलाज शुरू कर दिया गया है। इंफेक्शन के कारण मरीजों की आंखों की स्थिति फिलहाल काफी गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम का पूरा प्रयास है कि इंफेक्शन को आगे फैलने से रोका जाए और मरीजों की आंखों की रोशनी सुरक्षित बचाई जा सके।





### गुजरात-महाराष्ट्र में आज भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** जुलाई का महीना खत्म होते-होते देशभर में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आज गुजरात, सौराष्ट्र-कच्छ, मध्य महाराष्ट्र में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट का मतलब है 24 घंटे में 204 से ज्यादा बारिश। जबकि पंजाब, अरुणाचल, केरल, कोंकण-गोवा, मध्यप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है। इधर, गुजरात में सभी स्कूल-कॉलेज आज बंद रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में 12 इंच तक बारिश होने की संभावना है। हिमाचल में अभी भी 130 सड़कें बंद हैं। असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। राज्य में बाढ़ प्रभावितों की संख्या घटकर 2 लाख रह गई है। पहाड़ी-मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है।

### पीएम मोदी बोले- हर राज्य पेपर लीक से परेशान

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़ा संशोधन बिल पास होने के बाद गुरुवार रात 10:40 बजे पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा- कई दशकों से हर राज्य और केंद्र सरकार इस प्रकार की पेपर लीक की परेशानी झेल रही है। बच्चों के भविष्य पर भी इसके कारण संकट पैदा हो रहा है। इन सबको ध्यान में रखते हुए देशव्यापी, सभी राज्यों में भी और केंद्र में भी शिक्षा पद्धति में सुधार अनिवार्य हो गया है, टेक्नोलॉजी के भरपूर उपयोग की आवश्यकता हो गई है। पीएम ने 2 मिनट 26 सेकेंड के वीडियो में पेपर लीक और छात्रों से जुड़ी बातें कीं। महज 17 मिनट में उनके वीडियो पर 8 लाख से ज्यादा लाइक आ गए। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी पेपर माफिया, पेपर लीक करने वाली गैंग, देश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली गैंग को बख्शा नहीं जाएगा। हम संसद में बिल लेकर गए थे और जैसा मैंने आपसे वादा किया था बीते दो दिन संसद के दोनों सदनों में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। आज कठोर कानूनों वाले प्रावधान बिल को पास किया गया। पीएम मोदी ने वीडियो पोस्ट करके कहा था- हमने परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स का गठन किया। टीम में छह मेंबर्स हैं।

# खड़गे बोले- शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति को मानने वाले बढ़े: नड्डा बोले- सबूत दें, सभापति ने रिकॉर्ड से हटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़े परीक्षा संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे के 'मनुस्मृति' बयान पर हंगामा हुआ। वे शैक्षणिक संस्थाओं पर फ्रर के दखल पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में मनुस्मृति मानने वाले बढ़ गए हैं, इससे शूद्र को पढ़ने का अधिकार छिन गया है। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया।

जेपी नड्डा ने टोकते हुए कहा कि खड़गे का बयान तथ्यों से परे है। इससे अशांति फैल सकती है। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मनुस्मृति वाला बयान रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। यह पूरी बहस पेपर लीक से जुड़े पब्लिक एग्जामिनेशन (अनफेयर मीन्स की रोकथाम) संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान हुई।



इससे पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में पेपर लीक से जुड़ा बिल पेश किया। लोकसभा में बुधवार को करीब 7 घंटे बहस के बाद पेपर लीक से जुड़ा बिल पारित हुआ था।

खड़गे ने जो सजाएं बताईं, वे मूल मनुस्मृति में नहीं, बल्कि 'गौतम धर्मसूत्र' (अध्याय 12, श्लोक 4-6) में लिखी हैं। हालांकि, खड़गे ने बाद में कहा कि गौतम ऋषि ने लिखा है।

सुधांशु त्रिवेदी ने जवाब में कहा- मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि विलियम जोन्स कलकत्ता हाईकोर्ट के जज थे। उन्होंने 1790 मनु स्मृति का अनुवाद किया। आधुनिक युग के शेड्यूल कास्ट का मनु काल के वैदिक शूद्र के साथ कोई कनेक्शन नहीं है। विलियम जोन्स से पहले की 2 और मनुस्मृति कहीं अवेलेबल नहीं हैं।

मासिर-ए-आलमगीरी, शाहनामा, जहांगीरनामा, तुजुक-ए-बाबरी, फुतूहात-ए-फिरोजशाही और तहकीके हिंद भी उपलब्ध हैं। इसलिए मैंने कहा कि मुझे प्रमाण चाहिए, क्योंकि जो खड़गे ने कहा- उसे अंग्रेजों ने बनाया है। विलियम जोन्स से पहले का कोई टेक्स्ट अवेलेबल नहीं हैं। विलियम जोन्स ने मनुस्मृति का पहला अंग्रेजी अनुवाद 1794 में 'Institutes of Hindu Law, or the Ordinances of Menu' नाम से पब्लिश किया था। यह किताब आज भी सार्वजनिक डोमेन में है। इसे गूगल बुक्स, इंटरनेट आर्काइव और ब्रिटिश लाइब्रेरी की वेबसाइटों पर मुफ्त में पढ़ा जा सकता है।

# नेपाल में कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने पर हिंसा, आगजनी



### पुलिस ने हवाई फायरिंग की, हिंसा नहीं रुकी, तो गोली चलाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल के सुनसरी जिले में कांवड़ यात्रा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर रविवार को शुरू हुआ विवाद हिंसक हो गया है। दो लोगों की मौत हो चुकी है। भारतीय सीमा से सटे सुनसरी और सिराहा जिलों के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

रविवार को कांवड़िये कोसी बैराज से जल लेकर आ रहे थे। इस दौरान डीजे और लाउडस्पीकर की तेज आवाज पर दूसरे समुदाय ने आपत्ति जताई। बहस से शुरू हुआ मामला हिंसक झड़प में बदल गया। स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी देर में दोनों समुदायों के लोग हथियार लेकर पहुंच गए। इस दौरान जमकर पथराव भी हुआ। गुरुवार को पूरे तराई-मधेश क्षेत्र में प्रदर्शन हुए। पथराव में एक इंस्पेक्टर समेत 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, भीड़ पर पहले काबू पाने की कोशिश की गई। एक पुलिस अधिकारी ने तीन हवाई फायर भी किए, लेकिन हिंसा नहीं रुकी। इसके बाद रात करीब 10:45 बजे पुलिस ने गोली चलाई। गोली लगने से ओम प्रकाश मेहता की मौत हो गई। कई अन्य लोग भी गोली लगने से घायल हुए। बाद में इलाज के दौरान जयप्रकाश मेहता की भी मौत हो गई, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या दो हो गई। हालात बिगड़ने पर आसपास के पुलिस थानों और आर्म्ड पुलिस फोर्स की अतिरिक्त टीमों को बुलाया गया है।

# रेड सी की सुरक्षा के लिए गठबंधन बना रहा सऊदी

## 50 देशों को न्योता भेजा; जहाजों को हूती विद्रोहियों के हमलों से बचाना मकसद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सऊदी अरब

सऊदी अरब ने ऐलान किया है कि वह रेड सी (लाल सागर) में जहाजों की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाएगा। इसका मकसद यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों से जहाजों की रक्षा करना है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस गठबंधन में शामिल होने के लिए 50 देशों को न्योता भेजा गया है। हालांकि, कौन से देश इसमें शामिल होंगे यह अभी तय नहीं हुआ है। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द की जा सकती है। हूती विद्रोहियों ने 20 जुलाई को सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकेबंदी का ऐलान किया था। उसने कहा कि सऊदी पोर्ट का इस्तेमाल करने वाले जहाजों पर हमला किया जा सकता है। मिडिल ईस्ट की न्यूज वेबसाइट अल-मॉनिटर के मुताबिक अमेरिका, पाकिस्तान, मिस्त्र, तुर्किये, जिबूती, सोमालिया और सूडान को न्योता भेजा गया है। इसके अलावा जर्मनी, फ्रांस और इटली समेत कई यूरोपीय देशों को भी निमंत्रण मिला है। इस रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि मिस्त्र, जिबूती और सूडान गठबंधन में शामिल होने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, अमेरिका अभी तक आधिकारिक तौर पर गठबंधन में शामिल होने की पुष्टि नहीं कर पाया है, लेकिन उसके इसमें शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।



### हूती विद्रोहियों से जहाजों को कैसे बचाया जाएगा

एक्सपर्ट के मुताबिक गठबंधन में शामिल देश अपने नौसैनिक युद्धपोत रेड सी और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में तैनात करेंगे। ये जहाज आसपास गश्त करेंगे और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेंगे। तेल टैंकर और मालवाहक जहाजों को अकेले भेजने के बजाय काफिले में भेजा जाएगा। उनके साथ वॉरशिप चलेंगे, जिससे हमला होने पर तुरंत जवाब दिया जा सके। हूती अक्सर ड्रोन, मिसाइल और विस्फोटकों से भरी नावों से हमला करते हैं। युद्धपोतों पर लगे एयर डिफेंस सिस्टम और रडार इन हमलों का पहले ही पता लगाकर उन्हें मार गिराने की कोशिश करेंगे।

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन्प्रकाश उपजायते।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत॥

**भावार्थ** : जिस समय इस देह में तथा अन्तःकरण और इन्द्रियों में चेतनता और विवेक शक्ति उत्पन्न होती है, उस समय ऐसा जानना चाहिए कि सत्त्वगुण बढ़ा है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 31 जुलाई, 2026

**आपदः संपदः काले दैवादेवेति निश्चयी।**
**तृप्तः स्वस्थेन्द्रियो नित्यं न वान्छति न शोचति॥**

**भावार्थ** : संपत्ति (सुख) और विपत्ति (दुःख) का समय प्रारब्धवश (पूर्व कृत कर्मों के अनुसार) है, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला संतोष और निरंतर संयमित इन्द्रियों से युक्त हो जाता है। वह न इच्छा करता है और न शोक।

## सम्पादकीयम्

### अवश्यमेव अवगन्तव्यं यत् समयः परिवर्तितः

अधुना, सवेषां अवश्यमेव अवगन्तव्यं यत् समयः परिवर्तितः अस्ति। एषः सामाजिकमाध्यमानां युगः अस्ति, यत्र किमपि दीर्घकालं यावत् गुप्तं न तिष्ठति। पिहितद्वारेषु पृष्ठतः उक्ताः शब्दाः तत्र निरुद्धाः न तिष्ठन्ति। एकः एव भिडियो, रीलः, कतिपयसेकेण्ड् यावत् यावत् स्थास्य क्लिप् वा 'पुरुषत्वस्य' यथार्थं मुखं प्रकाशयितुं शक्नोति। अतः एषः वादविवादः केवलं एकस्मिन् वायरल्-वीडियो-मध्ये अथवा कस्यचित् कार्य-क्षय-पर्यन्तं सीमितः न भवितुम् अर्हति। किं सम्बन्धाः 'निवेशस्य प्रतिफलने' परिणताः, सहमतिः विधेयकेन सह संलग्ना शर्तः अभवत् वा इति पृच्छितुं समयः अस्ति व्यवहारसम्बन्ध, लुप्तमान सम्मान अन्ते एषा कथा केवलं एकस्य युवकस्य विषये नास्ति। इयं बहुषु मनसि पूर्वस्थापितस्य 'गणकयंत्रस्य' कथा अस्ति-यत् प्रत्येकं व्ययस्य गणनां करोति, प्रत्येकं सम्बन्धाय मूल्यचिह्नं च नियुक्तं करोति। अस्मिन् सन्दर्भे सम्भवतः स्त्रीत्वस्य पूजां कुर्वन्तः मन्त्राः पठितुं पूर्वं अस्माभिः नूतना पङ्क्तिः योजनीया यत् समाजः केवलं स्त्रियं मानवत्वेन परिचिनोति चेत् किञ्चित् न्यूनं लज्जां अनुभवति।

#### मध्यपूर्वे स्थितेषु अमेरिकीसैन्यस्थानकेषु इरान्

## अमेरिकी-सऊदी-प्रहारेन २० इराकी-नागरिकाः मृताः इरान् पुनः प्रहारं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिङ्गटन



मध्यपूर्वे स्थितेषु अमेरिकीसैन्यस्थानकेषु इरान्-देशः बहुविधं बैलिस्टिक-क्षेपणास्त्रं प्रहारितवान् इति अमेरिका-देशेन आरोपः कृतः। अमेरिकादेशेन उक्तं यत् यद्यपि एतत् आकस्मिकं आक्रमणम् आसीत् तथापि तस्य वायुरक्षाव्यवस्थाः मध्यवायुस्थानि सर्वाणि क्षेपणानि अवरुद्ध्य नष्टवन्तः। इरान्-देशः चेतवति यत्, होर्मुज्-जलसन्धिस्य उपरि स्वस्य नियन्त्रणं स्थापयितुं सः किमपि आवश्यकं उपायं कर्तुं न लज्जयिष्यति-यत्र युद्धस्य पुनः प्रज्वलनस्य विकल्पः अपि अस्ति।

अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः इजरायलप्रधानमन्त्री बेन्जामिन नेतन्याहू च इत्येतयोः मध्ये कृतं समागमं व्हाइट हाउस् इत्यनेन सकारात्मकं उत्पादकं च इति वर्णितम्। द्वयोः नेतारयोः क्षेत्रीयसुरक्षायाः अन्ये च महत्त्वपूर्णविषयेषु चर्चा अभवत्। सऊदी अरबदेशः दावान् अकरोत् यत् तस्य वायुरक्षाव्यवस्था स्वस्य पूर्वप्रान्ते तैलसुविधां लक्ष्यं कृत्वा अनेके ड्रोन्-यानानि पातितवती। सऊदी-सर्वकारस्य मते एतानि ड्रोन्-यानानि इराक-देशात् इरान्-समर्थितैः समूहैः प्रक्षेपितानि आसन्।

ट्रम्प-नेतन्याहू-समागमस्य मध्ये तनावः वर्धते इराणसम्बद्धेषु तनावेषु एतत् वर्धनं तदा अभवत् यदा इजरायलस्य प्रधानमन्त्री बेन्जामिन नेतन्याहू इत्यनेन फरवरी २८ दिनाङ्के इराणस्य विरुद्धं अमेरिकी-इजरायल-अभियानस्य आरम्भात् परं प्रथमवारं अमेरिकी-राष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः साक्षात्कारः कृतः समागमस्य अनन्तरं नेतन्याहू टिप्पणीं कृतवान् यत् अद्यपर्यन्तं ट्रम्पेन सह तस्य सर्वोत्तमवार्तालापेषु अन्यतमम् अस्ति। सः अवदत् यत् इरान्-देशः परमाणुशस्त्राणि प्राप्तुं न अर्हति इति उभौ नेतारौ पूर्णतया सहमतौ स्तः।

हौथी सऊदी टैंकरं लक्ष्यं कुर्वन्ति इरान्-समर्थिताः हुथी-विद्रोहिणः लालसागरे सऊदी-देशस्य तैल-वाहकं लक्ष्यं कृतवन्तः इति दावान् कृतवन्तः। परन्तु सऊदी अरबदेशेन एतस्य दावस्य पुष्टिः न कृता। परन्तु सऊदी-सर्वकारेण अवश्यमेव निवेदितं यत् तस्य वायुरक्षा-व्यवस्थायाः देशस्य पूर्वभागे तैल-सुविधाः लक्ष्यं कृत्वा अनेके ड्रोन्-विमानाः निपातिताः सऊदी अरबदेशः आरोपयति यत् एतानि ड्रोन्-यानानि इराक-देशे सक्रियैः इरान्-समर्थितैः समूहैः प्रक्षेपितानि।

इराकस्य प्रधानमन्त्री सऊदी-भ्रमणं स्थगितवान् इराकस्य प्रधानमन्त्रिणः सऊदी अरबदेशस्य प्रस्तावितं भ्रमणं स्थगितम् अस्ति। इराकसर्वकारस्य एकः अधिकारी अवदत् यत् प्रधानमन्त्रिणः अली अल-जैदी इत्यस्य यात्रा, मूलतः गुरुवासरे निर्धारिता आसीत्, अधुना पश्चात् भविष्यति। अली अल-जैदी विभिन्नक्षेत्रेषु सहकार्यं वर्धयितुं उद्दिश्य सम्झौतेषु हस्ताक्षरं कर्तुं निश्चितः आसीत्। तदतिरिक्तं सुरक्षासहकार्यस्य, क्षेत्रीयस्थितेः च विषये चर्चाः कार्यसूचौ आसन्। अयं निर्णयः अमेरिका-सऊदी-अरब-देशयोः हाले संयुक्तप्रहारयोः पश्चात् आगतः यस्य परिणामेण न्यूनातिन्यूनं २० इराकी-योद्धानां मृत्युः अभवत्; अन्ये अपि अनेके जनाः अस्मिन् आक्रमणे घातिताः अभवन्। बहरीनदेशः सऊदी अरबदेशे आक्रमणानां निन्दां करोति बहरीनदेशस्य विदेशमन्त्रालयेन सऊदी अरबदेशस्य तैलसुविधासु आक्रमणानां घोरः निन्दा कृता अस्ति। इराणसमर्थितसशस्त्रसमूहैः कृताः एते आक्रमणाः क्षेत्रीयसुरक्षायाः स्थिरतायाः च कृते गम्भीरं खतरान् जनयन्ति इति मन्त्रालयेन उक्तम्।

#### जूनमासे दुर्लभस्य श्वेतस्य

## कृष्णबकमृगस्य जन्म अपि चिडियाघरस्य महत्त्वपूर्णा उपलब्धिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

तस्मिन् एव मासे 'रागिणी' व्याघ्रया अपि त्रीणि शावकानि प्रसूतानि; तेषां अद्वितीयवर्णमिश्रणं आगन्तुकानां कृते प्रमुखं आकर्षणं जातम् अस्ति। जूनमासे दुर्लभस्य श्वेतस्य कृष्णबकमृगस्य जन्म अपि चिडियाघरस्य महत्त्वपूर्णा उपलब्धिः इति प्रशंसितम्। श्वेतकोटः, गुलाबीनेत्रः च अयं दुर्लभः कृष्णबकः सम्प्रति आगन्तुकानां कृते लोकप्रियतमेषु आकर्षणस्थानेषु अन्यतमः अस्ति। ५३ एकरेषु विस्तृते कमलानेहरूप्राणिविज्ञानसङ्ग्रहालये सम्प्रति १७० तः अधिकजातीयानां प्रतिनिधित्वं कुर्वन्तः प्रायः १४०० पशवः पक्षिणः च सन्ति प्रतिवर्षं सहस्राणि पर्यटकाः चिडियाघरं गच्छन्ति।

नूतनानां वन्यजीवानां, आधुनिकपरिसरस्य, विदेशीयपक्षिणां, १४-डी-रङ्गमण्डपस्य इत्यादीनां सुविधानां च प्रवर्तनस्य अनन्तरं पर्यटकसङ्ख्यायां महती वृद्धिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

चिडियाघरस्य प्रभारी डॉ. उत्तम यादवः कथयति यत् नूतनानां वन्यजीवानां आगमनेन आधुनिकसुविधानां प्रारम्भेन च इन्दौरस्य कमलानेहरू प्राणिविज्ञानसङ्ग्रहालयः देशस्य प्रमुखचिडियाघरानाम् मध्ये स्वस्य कृते विशिष्टं आलम्बनं उत्कीर्णं करिष्यति। सः वन्यजीवसंरक्षणस्य पार्श्वे जनजागरूकतां वर्धयितुं चिडियाघरस्य प्रमुखः उद्देश्यः इति बोधयति। नवीनजातीयानां अत्याधुनिकसुविधानां च परिचयः न केवलं आगन्तुकानां अनुभवं वर्धयिष्यति अपितु बालकानां युवानां च मध्ये वन्यजीवानां पर्यावरणसंरक्षणस्य च प्रति सकारात्मकदृष्टिकोणं पोषयितुं साहाय्यं करिष्यति। आगामिषु मासेषु एकशृङ्गस्य गैण्डायुगलस्य, 'सतीश' नीलगायस्य, नूतनानां प्रौद्योगिकीविशेषतानां च योजनेन इन्दौर-चिडियाघरस्य पर्यटनस्य वन्यजीवस्य।

## अवदन् यत् अभियुक्तः बलबीरं मार्गस्य मध्ये परितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

शीघ्रं कार्यं कृत्वा पुलिसैः नगरे सर्वत्र नाकाबन्दीः कृत्वा केवलं ४२ निमेषेषु एव चतुर्णां अभियुक्तानां गृहीतत्वं कृतम्। पुलिस-अनुसारं मृतस्य मध्यप्रदेशस्य निवासी बलबीरः इति परिचयः कृतः यः सम्प्रति जयपुरे निवसति, कार्यं च कुर्वन् आसीत्। प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञायते यत् आक्रमणकारिणः पूर्वनियोजितरणनीत्या घटनास्थले आगताः आसन्। प्रत्यक्षदर्शिनः अवदन् यत् अभियुक्तः बलबीरं मार्गस्य मध्ये परितः कृत्वा तस्य शिरसि शरीरे च यष्टिदण्डैः प्रहारं वर्षितवान्। सः तत्रैव तीव्रक्षतेः कारणात् मृतः। तस्मिन् समये प्रेक्षकाः आतङ्केन गृहीताः आसन्, कोऽपि हस्तक्षेपं कर्तुं न साहसं कृतवान्।

## राशिफल

**मेष** : आपकी वित्तीय स्थिति के साथ-साथ आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। टीम मीटिंग के दौरान आपका रवैया महत्वपूर्ण है।

**वृषभ** : खुश रहने के लिए प्रोफेशनल लाइफ के चैलेंज को पार करें। सेहत और धन दोनों ही पॉजिटिव रहेंगे।

**मिथुन** : साहस के साथ चुनौतियों का डटकर सामना करें, जिससे पर्सनल और प्रोफेशनल ग्रोथ होगी।

**कर्क** : अपने रास्ते में आने वाली चुनौतियों को पार करने के लिए खुले दिमाग से काम लें। उन्नति की संभावना को अपनाएं।

**सिंह** : आर्थिक रूप से आप मजबूत रहेंगे। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। स्किल्स दिखाने का मौका देंगी।

**कन्या** : आज एक उत्पादक प्रेम जीवन जिएं, जहां सभी पुराने मुद्दे सुलझ जाएं। नई चुनौतियां सामने हैं, जो चमकने के अवसर दे सकती।

**तुला** : आपको प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों क्षेत्रों में विकास के अवसर मिल सकते हैं। सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** : नए रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित करता है। लॉन्ग टर्म स्ट्रैटजी पर विचार करें।

**धनु** : व्यस्त ऑफिस शेड्यूल के साथ-साथ लव लाइफ भी जीवंत रहेगी। स्किल्स को साबित करने के लिए नए अवसरों पर विचार करें।

**मकर** : आज प्यार, करियर, वित्त और स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव की संभावना है। ध्यान केंद्रित रखें, और दिन अच्छा बीतेगा।

**कुंभ** : नए अनुभवों के लिए यह अच्छा समय है। आपकी रचनात्मकता में वृद्धि होगी। वित्तीय जरूरतों को पूरा करें।

**मीन** : सेहत का मामला भी पॉजिटिव रहेगा आगे बढ़ने और फलने-फूलने के हर अवसर का लाभ उठाएं।

### ज्योतिष/वास्तु

## सूर्य-शनि के संयोग से 7 अगस्त को बनेगा नवपंचम राजयोग, इन राशियों को मिलेगी अच्छी खबर

7 अगस्त 2026 को सूर्य और शनि एक-दूसरे से 120 डिग्री पर होंगे जिसके चलते नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा। इस नवपंचम राजयोग के कारण तीन राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में समय-समय पर ग्रहों के संयोग के चलते कई तरह के योगों का निर्माण होता है, जिससे सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें सूर्य जो सभी ग्रहों के राजा हैं वे हर माह राशि परिवर्तन करते हैं, सूर्य अभी कर्क राशि में हैं और गुरु के साथ युति करते हुए गुरु-आदित्य राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान सूर्य किसी न किसी ग्रह पर दृष्टि या फिर कोणीय संयोग का निर्माण कर रहे हैं। इस तरह से अगस्त माह में शनि जो मीन राशि में विराजमान हैं सूर्य उनके साथ संयोग करते हुए नवपंचम राजयोग का निर्माण कर रहे हैं। पंचांग के अनुसार, 7 अगस्त को सुबह 8 बजकर 11 मिनट पर सूर्य और शनि एक-दूसरे से 120 अंश पर होंगे जिससे नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा।

**कैसे बनता है नवपंचम राजयोग-** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब दो ग्रह एक-दूसरे से पंचम और नवम भाव में होते हैं तो नवपंचम राजयोग का निर्माण होता है। इसके अलावा जब दो ग्रह एक दूसरे से 120 डिग्री पर होते हैं तो भी नवपंचम राजयोग बनता है। सूर्य का कर्क राशि में विराजमान होना और शनि का गुरु की राशि मीन में विराजमान होना संयोग है। वैदिक ज्योतिष में सूर्य को पिता, आत्मविश्वास, नेतृत्व, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा और सरकारी सेवा का कारक माना जाता है, वहीं शनि को धैर्य, मेहनत, न्याय, अनुशासन और कर्म का कारक माना जाता है।



नवपंचम राजयोग बनने से कुछ राशि वालों के लिए शुभ संकेत होगा। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे, आपको मेहनत का फल मिलेगा। करियर-कारोबार में बेहतर अवसर मिलेंगे। आइए जानते हैं नवपंचम राजयोग के बनने से किन-किन राशि वालों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए नवपंचम राजयोग बहुत ही शुभ और लाभकारी रह सकता है। सूर्य-शनि के संयोग से बना नवपंचम राजयोग अच्छा साबित होगा। आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी और लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे जिससे धन-धान्य में बढ़ोतरी के योग भी हैं। इस दौरान नौकरीपेशा जातकों को कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। समाज में आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के लिए नवपंचम राजयोग सुखद और लाभकारी रहेगा। इस दौरान जब तक नवपंचम का संयोग बनेगा तब तक आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार देखने को मिलेगा। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के लिए बेहतर अवसर मिल सकते हैं। इसके अलावा नौकरी में प्रमोशन और वेतन वृद्धि के योग बन रहे हैं। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिल सकता है और जीवन में एक साथ कई तरह की खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए सूर्य-शनि का नवपंचम राजयोग बहुत ही शुभ और लाभ से भरा हुआ हो सकता है। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले काफी बेहतर हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के लिए एक साथ कई तरह के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में इस दौरान आपके काम की सराहना होगी। वहीं जो लोग बिजनेस में है उनको कोई अच्छी और बड़ी हासिल हो सकती है। भाग्य का अच्छा और भरपूर साथ मिल सकता है।

#### 2020 में टेस्ट में कप्तानी की, सीरीज जीती, 2018 में आखिरी वनडे खेला, 2023 से टेस्ट टीम में नहीं

# रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने गुरुवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी। वे पिछले 3 साल से किसी भी फॉर्मेट में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे।

वीडियो में 38 साल के रहाणे ने भावुक होते हुए कहा कि अब उनके लिए आगे बढ़ने का यही सही समय है। विराट कोहली ने सोशल मीडिया पोस्ट कर रहाणे को उनके करियर के लिए बधाई दी है।

**कोहली बोले- आप मेरे फेवरेट टेस्ट बैटिंग पार्टनर-** विराट कोहली ने रहाणे के संन्यास पर लिखा- जिंक्स, शानदार करियर के लिए बधाई दोस्त। भारतीय क्रिकेट के लिए आपने बेहतरीन योगदान दिया है।

कोहली ने आगे लिखा- स्लिप में सबसे भरोसेमंद हाथ और टेस्ट क्रिकेट में मेरे फेवरेट बैटिंग पार्टनर रहे।

**रहाणे की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर हराया-** रहाणे के करियर का सबसे सुनहरा अध्याय 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लिखा गया। एडिलेड टेस्ट में भारत के 36 रन पर ऑलआउट होने और विराट कोहली के लौटने के बाद रहाणे ने कप्तानी संभाली। मेलबर्न में शतक लगाकर उन्होंने भारत को जीत दिलाई और सीरीज 1-1 से बराबर की।

रहाणे की कप्तानी में भारत ने गाबा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से सीरीज हराई और उसका 32 साल पुराना अजेय रिकॉर्ड तोड़ा।

रहाणे ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में शतक लगाया था और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। यह फोटो उसी टेस्ट की है। रहाणे ने 2020-21 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट में शतक लगाया था और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। यह फोटो उसी टेस्ट की है।

**रहाणे पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की-** रहाणे ने पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी की थी। वे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, दिल्ली कैपिटल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने 212 मैचों में 5,367 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 125.60 और औसत 30.15 रहा। उनके नाम आईपीएल में 2 शतक और 35 अर्धशतक दर्ज हैं।

### 2011 में इंटरनेशनल डेब्यू 2023 में खेला आखिरी टेस्ट

रहाणे ने भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 2011 में डेब्यू किया था। उन्होंने पहला वनडे 3 सितंबर 2011 को इंग्लैंड के खिलाफ चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेला, जबकि टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू 31 अगस्त 2011 को मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ किया।

रहाणे ने टेस्ट क्रिकेट में 22 मार्च 2013 को दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेला। उनका आखिरी टेस्ट 20-24 जुलाई 2023 के बीच पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ रहा।

वनडे में उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 16 फरवरी 2018 को सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला, जबकि टी-20 इंटरनेशनल में आखिरी बार 28 अगस्त 2016 को लॉडरहिल में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम में थे।

### 6 टेस्ट में कप्तानी की और 4 जीते

रहाणे ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी की। टेस्ट क्रिकेट में रहाणे ने 6 मैचों में भारत की कप्तानी की। इनमें टीम ने 4 मुकाबले जीते, जबकि 2 टेस्ट ड्रॉ रहे। वनडे में उन्होंने 3 मैचों में टीम की कमान संभाली और भारत ने तीनों मुकाबले जीते। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में रहाणे ने 2 मैचों में कप्तानी की, जिसमें भारत को 1 जीत और 1 हार मिली।

### बीसीसीआई ने शुभकामनाएं दी

बीसीसीआई ने रहाणे को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने पर शुभकामनाएं दी। बोर्ड ने लिखा, एक शानदार करियर का अंत हुआ। भारतीय क्रिकेट में आपके अपार योगदान और हमेशा याद रखी जाने वाली तमाम यादों के लिए धन्यवाद। आपके जीवन के अगले अध्याय के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

## भारतीय हॉकी टीम की नारंगी जर्सी पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी वर्ल्ड कप 2026 से पहले भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग नीले से बदलकर नारंगी कर दिया गया है। पूर्व कप्तान विरेन रास्किन्हा ने इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नीली जर्सी हमारी पहचान थी। एक और पूर्व कप्तान पटगट सिंह ने भी जर्सी का रंग बदलने पर नाराजगी जताई है।

इधर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा है जर्सी का रंग खिलाड़ियों की पसंद पर बदला गया है। हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को पुरुष और महिला टीमों की नई जर्सी लॉन्च की थी।

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान विरेन रासकिन्हा ने इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि टीम को भगवा रंग पहनाया जाना शर्मनाक है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार टिर्की ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों, कप्तानों, कोच और सपोर्ट स्टाफ के सुझाव पर लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर वर्ल्ड कप के बाद खिलाड़ियों को यह जर्सी पसंद नहीं आती है तो भविष्य में इसे बदला भी जा सकता है।

## लवप्रीत ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर दिलाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्लासगो

लवप्रीत सिंह ने कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को सिल्वर मेडल दिला दिया है। वहीं, महिलाओं के डिस्कस थ्रो इवेंट में सीमा ने ब्रॉन्ज हासिल किया।

गुरुवार देर रात लवप्रीत ने पुरुष वेटलिफ्टिंग की 110 ' वेट कैटेगरी में 388 किलोग्राम वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 176 और क्लीन एंड जर्क में 212 किलोग्राम वजन उठाया। दूसरी ओर सीमा ने अपने तीसरे प्रयास में 58.65 मीटर थ्रो करके किया। इस ब्रॉन्ज के बाद भारत के 17 मेडल हो गए हैं। इनमें 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत 10वें स्थान पर है। 27 साल की सीमा ने मां बनने के बाद गेम्स में शानदार वापसी की है। वे वर्तमान में पीएचडी की पढ़ाई भी कर रही हैं। सीमा ने अपने चौथे, पांचवें और छठे प्रयास में फाउल किया, लेकिन 58.65 मीटर के थ्रो ने उन्हें पोडियम तक पहुंचा दिया।

इस इवेंट में जमैका की सामंथा हॉल (61.66 मीटर) ने गोल्ड और कनाडा की जूलिया टंक्स (60.67 मीटर) ने सिल्वर मेडल हासिल किया। एक अन्य भारतीय निधि रानी 53.19 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहीं। लवप्रीत ने स्नैच में कॉमनवेल्थ गेम्स का नया रिकॉर्ड बनाया। वे गोल्ड मेडल जीतने के बेहद करीब थे, लेकिन न्यूजीलैंड के डेविड डेविड एंड्रयूज से महज एक किग्रा के अंतर से पिछड़ गए।

लवप्रीत ने कुल 388 किग्रा (स्नैच में 176 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 212 किग्रा) वजन उठाया। वहीं, न्यूजीलैंड के लिटी ने क्लीन एंड जर्क में गेम्स रिकॉर्ड के साथ कुल 389 किग्रा (166 किग्रा + 223 किग्रा) वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com